हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025




## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो कोचिंग फीस नहीं: PCI भिलाई

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए जुनुन बैच 2 जुन से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें NEET व JEE में चयन होने के बाद फीस लिया जाता है यदि चयन नही हुआ तो फीस नही लगेगा यह केवल 40 बच्चो के लिए ही है। क्योंकि इस बैच में उच्च क्वालिटी के शिक्षक पढ़ायेंगे Zoology डॉ. सुदेश सर 15 वर्ष से अधिक अनुभव व कोटा के नामी शिक्षक है। बायोलॉजी में प्रत्येक वर्ष बहुत सारे छात्र शत प्रतिशत मार्क्स दिला रहे है और डॉ. रोहित सर जो एलेन कोटा में 15 वर्ष से अधिक अनुभव है वे इस बैच मे Botany पढायेंगे। केमेस्ट्री नितिन सर (IIT Delhi) व जे.पी. सिंह सर 20 वर्ष के अनुभव प्राप्त किए हुए शिक्षक पढायेंगे। फिजिक्स आजाद सर (IIT BHU) व आकाश सर (M.Tech) 12 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ायेंगे, गणित दिलीप सर (IIT BHU) 15 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ाएंगे जिसने देश के प्रतिष्ठित संस्थानो में कई बार 100 के अंदर रैंक दिए हुए है वे सब शिक्षक छात्रो को पढ़ाएंगे। छात्रो को प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास पढ़ाया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा लिया जाता है। स्टडी मेटेरियल, D.P.P. बच्चों को दिया जाता है। यहाँ रहने के लिए छात्रावास भी उपलब्ध है। हर एक प्रतियोगी परीक्षाओं मे अच्छी रैंक हासिल करने के उम्मीद में कोचिंग फीस के रूप में एक बड़ी राशि का भुगतान करना पड़ता है। जिसके बाद सलेक्शन की कोई गारंटी नहीं होती है। लेकिन अब PCI भिलाई से तैयारी करने वाले छात्रो को केवल NEET/JEE में सलेक्सन होने पर यानी NEET के छात्रो को शासकीय कॉलेज की सीट मिलने के बाद और JEE छात्रों को IIT/NIT कॉलेज में सीट मिलने के बाद ही फीस का भुगतान करना होगा। केवल यह 40 छात्रों के लिए ही उपलब्ध है यह कोचिंग सेंटर भिलाई में 177, 178, 179 न्यू सिविक सेंटर में संचालित है अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 78801-68887, 83195-71812 पर संपर्क कर सकते है।

ADVT.


## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से मासूम भाई-बहन की मौत

**राजनांदगांव**। दोपहर के समय गांव के तालाब में नहाने गए मासूम भाई-बहन की पानी में डूबने से मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांकरा में 28 मई को दोपहर में गांव की कु.पूनम साहू 8 वर्ष एवं पुलकित साहू 5 वर्ष घर से तालाब में नहाने के लिए गए हुए थे। पुलिस के अनुसार इस दौरान वे तालाब के पानी में डूब गए। जिससे दोनों मासूम की मौत हो गई। दोनों भाई-बहन हैं। इधर इस घटना की खबर जैसे ही ग्रामीणों को हुई, गांव में सनसनी फैल गई एवं शोक की लहर व्याप्त हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बोर खनन का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव**। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने छुरिया विकासखंड के ग्राम आंतरगांव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किए गए बोर खनन का निरीक्षण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बोर का पानी पीकर जल की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने कहा कि बोर से पाईप लाइन विस्तार से ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा।

पाईप लाइन विस्तार से ग्रामीणों के घरों तक स्वच्छ जल पहुंचेगा और 24 घंटे स्वच्छ जल प्राप्त किया जा सकता है। जिससे ग्राम में पेयजल की समस्या दूर होगी एवं ग्रामीणों को स्वच्छ जल मिलेगा। इस दौरान रविन्द्र वैष्णव, बिरम मंडावी, भारती देवांगन, खुशबू साहू, सीता वैष्णव, सुरेश साहू सहित पीएई विभाग के अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### माय एंगल





## सड़कों की गुणवत्ता पर भी उठ रहे सवाल, नालों में कचरों के अंबार से सड़कों पर आ रहा पानी

# मानसून के पखवाड़ेभर पहले दस्तक देने से नालों की सफाई अटकी, सड़क निर्माण के काम भी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कई दशकों बाद नौतपा में ही मानसून ने प्रदेश में दस्तक दे दी है। अगले दो दिनों के भीतर अंचल में भी मानसून की एंट्री होने की संभावनाएं बनी हुई है। पखवाड़ेभर पहले ही मानसून के आने से निगम के दो काम काफी प्रभावित हो रहे हैं। इनमें शहर के बड़े नालों की सफाई एवं खराब सड़कों के नए निर्माण के काम अटक गए हैं। बारिश के दौर में यह दोनों ही काम हो पाना मुश्किल चुनौती बन गया है।

जबकि नालों की सफाई नहीं होने से कई इलाकों में जलभराव की समस्या आ जाएगी। इनमें प्रमुख रूप से बसंतपुर स्थित जिला अस्पताल है, जहां हर साल नाला भरने पर जलभराव से अस्पताल जलमग्न हो जाता है। इस बार भी अब तक निगम की टीम शहर के बड़े नालों की सफाई नहीं कर पाई है। जबकि लगभग सभी नालों में कचरों का अंबार भरा हुआ है। इसके अलावा शहर में दस करोड़ से अधिक की लागत से सड़क निर्माण का काम भी पिछले डेढ़ महीने से चल रहा है, लेकिन अब बरसात के एक्टिव होने से यह काम भी काफी प्रभावित होगा।



### 42 सड़क का होना था निर्माण

10 करोड़ रुपए की स्वीकृति सड़कों के डामरीकरण के लिए राज्य सरकार ने दी है। शहर में 42 सड़कों का डामरीकरण होना है। इसमें 15 से अधिक सड़कों का काम शुरू तक नहीं हो सका है, लेकिन काम की सुस्त गति की वजह से अब तक डामरीकरण पूरा नहीं हो सका है। बीते दिनों निगम आयुक्त ने नोटिस जारी कर काम पूरा करने की हिदायत दी थी, लेकिन इसके बाद भी डामरीकरण रफ्तार नहीं पकड़ सकी। बुधवार को बांसपाईपारा से दुर्गा टॉकीज रोड में डामरीकरण की शुरूआत हुई, लेकिन शाम में तेज बारिश हो गई। इसके बाद काम रोक दिया गया।



### नई सड़कों पर उठे सवाल

एक तरफ जहां शहर के कई सड़कों का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है। वहीं दूसरी ओर जिन सड़कों को करोड़ों रुपए खर्च कर हाल ही में बनवाया गया है, उनकी गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर की कई ऐसी सड़कें हैं, जो निर्माण के बाद महीनेभर के भीतर ही उखड़ने लगी है। इसके अलावा कई नई सड़कों में पानी जमा होने जैसी शिकायतें भी सामने आ रही है। इसके बाद भी निगम ने किसी ठेकेदार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

### समय से पहले नहीं हुई सफाई

हर साल निगम की टीम जेसीबी के माध्यम से मानसून के ठीक पहले नालों की सफाई करती आई है। इस बार भी यह सफाई होनी थी, लेकिन समय पर सफाई का काम नहीं हो पाया है। हालांकि निगम की टीम ने नालों की सफाई शुरू कर दी है, परन्तु देर से शुरू हुई सफाई को अब बारिश की समस्या के चलते दिक्कतें आ रही है। सफाई में दिक्कत आने के पीछे मानसून के जल्द दस्तक देना भी बड़ी वजह है।

## हटाए जा रहे संस्कारधानी की खूबसूरती खराब करने वाले अवैध होर्डिंग्स

# अवैध होर्डिंग्स पर निगम का एक्शन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रचार के सबसे महत्वपूर्ण मध्यम में से एक होर्डिंग का भी अवैध कारोबार अब निगम के साथ लोगों के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। हर चौक-चौराहों में बिना अनुमति लगाए होर्डिंग से जहां हादसे का खतरा बढ़ गया है। वहीं निगम को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। शहर में यूं तो निगम द्वारा केवल 88 होर्डिंग का ही टेंडर किया जाता है, लेकिन इससे कहीं अधिक होर्डिंग आपको सड़कों में देखने को मिल जाएंगे।

सड़क किनारे से लेकर बीच खंभों और सरकारी जमीन पर भी अवैध होर्डिंग लगा दिए जाते हैं। ऐसे में निगम आयुक्त के आदेश पर टीम ने ऐसे अवैध होर्डिंग्स को हटाना शुरू कर दिया है। अब तक पांच बड़े होर्डिंग्स को हटाया जा चुका है। खास बात यह है कि वित्तीय संकट से जूझने वाले नगर निगम को इन अवैध होर्डिंग्स से सालाना एक से डेढ़ लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हो सकता है। हालांकि नगर निगम अब ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि जो बिना अनुमति और अवैध तरीके से अपने प्रतिष्ठान का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, उनके खिलाफ एक्शन शुरू कर दिया गया है। नगर निगम ने अपने सभी अंचल के चौक-चौराहों, स्ट्रीट लाइटों और निजी प्रतिष्ठानों पर लगे होर्डिंग्स को लेकर सख्त कदम उठाने को लेकर रणनीति बनाकर एक्शन ले रही है। इनके खिलाफ जब्ती के साथ ही जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### खास बातें

- हर गली-मोहल्लों में अवैध होर्डिंग्स का कारोबार, निगम को राजस्व का नुकसान
- वैध होर्डिंग्स से अधिक अवैध




### की जा रही कार्रवाई

अवैध होर्डिंग्स की शिकायत आने के बाद उसका सर्वे कराया गया था। बड़ी संख्या में बिना अनुमति के होर्डिंग्स लगे हुए मिले। ऐसे में अब शहर में जितने भी अवैध होर्डिंग लगाए गए हैं, उनको हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

- अतुल विश्वकर्मा, आयुक्त नगर निगम

### नेताओं का संरक्षण भी

शहर में लगने वाले अधिकांश बैनर-होर्डिंग्स को नेताओं का संरक्षण प्राप्त होता है। जिसके चलते ही निगम के अधिकारी राजनीतिक दलों के नेताओं से उलझना नहीं चाहते। शायद यही कारण है कि सड़कों में लगे हुए छोटे फ्लैक्स बिना अनुमति बिजली के खंभों में लग रहे हैं। शिकायत पर कभी निगम अमला जब्त करने की कार्रवाई करता है, परंतु अगर नियम के अनुसार होर्डिंग्स लगे तो शहर की सुंदरता भी नहीं बिगड़ेगी। इसके अलावा हादसे से भी बचा जा सकता है।

### जन्मदिन से त्यौहारों में भी इस्तेमाल

निगम ने करीबन डेढ़ साल पहले ही होर्डिंग्स का टेंडर किया है। होर्डिंग्स को छह अलग-अलग जोन में बांटा गया है। शहरभर के कुल 88 होर्डिंग्स को 14.19 लाख रुपए में पांच साल के लिए दिया गया है। यानी सालाना 2.83 लाख रुपए निगम को इससे मिल रहे हैं। किसी नेता का जन्मदिन हो या कोई धार्मिक-सामाजिक आयोजन हर किसी प्रचार के लिए पहली पसंद होर्डिंग्स को माना जाता है। यही कारण है कि जन्मदिन, कोई त्यौहार या फिर किसी आयोजन पर शहरभर में होर्डिंग्स का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# वाहन की चोरी कर फर्जी आरसी कार्ड बनाने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार



- छत्तीसगढ़ सहित पड़ोसी राज्य से भी करता था दो पहिया वाहन की चोरी
- महाराष्ट्र के सावरगांव का रहने वाला आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ एवं महाराष्ट्र में बाइक चोरी कर फर्जी तरीके से आरसी कार्ड बनाकर व नंबर प्लेट बदलकर ग्रामीणों को बेचने के प्रयास में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 5 बाइक, फर्जी आरसी कार्ड बनाने में प्रयुक्त लैपटॉप व प्रिंटर, मोबाइल फोन जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना औंधी में आवेदन प्राप्त हुआ कि अज्ञात आरोपी द्वारा ग्राम मोरचुल से मोटर बाइक चोरी किया गया है। उक्त आवेदन पर धारा 303(2), 318(4), 338, 336(3) के तहत अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देशन एवं थाना प्रभारी औंधी सतीश साहू के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। गठित टीम द्वारा लगातार संदिग्ध आरोपी की पतासाजी हेतु थाना से लगे सरहदी क्षेत्र सांवरगांव, पंखाजूर, येनगांव, मुरूमगांव में पता तलाश किया गया तथा मुखबीर तैनात किए गए थे।

### लैपटाप, प्रिंटर जब्त

अन्य बाइक एवं प्रिंटर, लैपटॉप को अपने घर में छुपाकर रखना बताने पर पुलिस स्टाफ द्वारा आरोपी के साथ जाकर कुल 5 बाइक जिसकी कीमत लगभग 1,80,000 रुपए तथा प्रिंटर, लैपटॉप जिसकी कीमत लगभग 35,000 रुपए व 1 नग मोबाइल जिसकी कीमत लगभग 8000 रुपए तथा 27,000 रुपए नगदी रकम उसके घर ग्राम गजामेड़ी थाना सावरगांव में जब्त किया गया। आरोपी विनय प्रकाश कुजुर 30 साल ग्राम गजामेडी थाना सावरगांव महाराष्ट्र को 29 मई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### बाइक बेचने की फिराक में पकड़ाया

पुलिस के अनुसार 28 मई को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम गजामेड़ी थाना सांवरगांव महाराष्ट्र का विनय प्रकाश नाम का व्यक्ति एक बाइक को बेचने के फिराक में ग्राम आलकन्हार में घूम रहा है। मुखबीर सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर एक व्यक्ति को बाइक के साथ पकड़ा। नाम पूछने पर अपना नाम विनय प्रकाश बताया। आरोपी से पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया। जिसमें आरोपी द्वारा बताया गया कि ग्राम मोरचुल बाजार में बाइक चोरी करने के अलावा मोहला से डिलक्स बाइक, अं. चौकी से होंडा साईन बाइक, मानपुर से होंडा ड्रीम युगा बाइक तथा रांगी महाराष्ट्र से होंडा साईन बाइक को चोरी कर सभी गाड़ियों का ओरिजनल नंबर प्लेट को बदलकर नया नंबर प्लेट तैयार कर कम्प्यूटर के माध्यम से उसके द्वारा तैयार किया गया नंबर प्लेट के आधार पर नया आरसी कार्ड तैयार किया जाता है।

## शहर में तीसरा जोन बनाने के लिए सीएम से मिली स्वीकृति, सुलझेगी समस्या

# कटौती से परेशान लोगों ने घेरा दफ्तर, पटरी पार बनेगा नया जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले कुछ महीनों से शहर में बार-बार बंद हो रही बिजली समस्या को लेकर ऋषिदेव चौधरी के साथ तुलसीपुर वार्ड के लोगों ने सीएसईबी कार्यालय का घेराव करते धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े कुछ नेता भी शामिल हुए।

सीएसईबी का घेराव करने पहुंचे लोगों की जानकारी मिलने पर मौके पर कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी पहुंचे। इस दौरान लोगों ने जमकर आक्रोश व्यक्त करते विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और कार्रवाई के लिए सक्षम अधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे। इस दौरान मौके पर चीफ इंजीनियर भी पहुंचे और आंदोलनकारियों से चर्चा की।बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन के मामले को लेकर भाजपा नेता ऋषिदेव चौधरी ने कहा कि थोड़ी सी हवा चलने पर बिजली व्यवस्था ठप हो जाती है, जिम्मेदार लोग फोन नहीं उठाते हैं।



### आंधी-तूफान में समस्या

आंधी-तूफान की वजह से सप्लाई बंद होने के चलते लोगों को समस्या हुई है। धीरे-धीरे व्यवस्था सुधर जाएगी। वहीं जूनियर इंजीनियरों, अधिकारियों का स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बेहतर व्यवहार को लेकर निर्देशित किया जाएगा।

- शिरीष सैलेट, चीफ इंजीनियर, सीएसईबी

### फ्लैक्स लगाने निर्देश

मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर ने प्रदर्शनकारियों को समझाईश देने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी स्थानीय जूनियर इंजीनियरों के स्थानांतरण और जिम्मेदार अधिकारियों के मोबाइल नंबर एक फ्लैक्स में विद्युत मंडल कार्यालय और बिजली बिल पटाने वाले स्थान पर लगाने की मांग की, जिस पर फ्लैक्स लगाने को लेकर चीफ इंजीनियर ने तत्काल संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

### जनता से मांगी माफी

शहर के लोगों को बिजली बंद होने से हो रही समस्या और जूनियर इंजीनियरों द्वारा लोगों से कम्प्लेन पर बेहतर व्यवहार नहीं करने को लेकर प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में शहर की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी से कहा। इसके बाद उन्होंने मीडिया के समक्ष समस्याओं को लेकर जनता से माफी मांगते हुए सहयोग की अपील की।

### पटरी पार बनेगा नार्थ जोन

शहर में बार-बार हो रही बिजली बंद होने की समस्या को लेकर कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी ने कहा कि ईस्ट और वेस्ट जोन मिलकर लगभग 60 हजार उपभोक्ता शहर में हैं। सामान्य मौसम में भी 50-60 कम्प्लेन आती है। बारिश में कम्प्लेन बढ़ जाती है। कर्मचारियों की संख्या कम है। फाल्ट आने में सुधार कार्य करने समय लगता है। उन्होंने कहा कि अप्रैल और मई माह से समस्या बढ़ी है। वहीं सुशासन तिहार में ड्यूटी लगने और समय से पहले मानसून आने से मेन्टेनेंस के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि 15 जून तक मेन्टेनेंस का कार्य होना था, जिसे हम 5 जून तक समाप्त कर रहे हैं। वहीं उन्होंने बताया कि हमने समस्याओं को देखते हुए नॉर्थ जोन की मांग की थी, लगभग एक से डेढ़ माह में नॉर्थ जोन का कार्य चालू हो जाएगा। इसके बाद समस्या कम होगी।

## जिले की नदियां अस्तित्व बचाने कर रही संघर्ष, शासन-प्रशासन का ध्यान नहीं

# जीवनदायिनी नदियों और नालों में अवैध कब्जा, सीवरेज का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

क्षेत्र की जीवनदायिनी नदियां और नाले इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रहा हैं। गांवों और शहरों में इन जल स्त्रोतों पर तेजी से हो रहे अवैध कब्जों ने न केवल प्राकृतिक जल प्रवाह को बाधित किया है बल्कि आने वाले मानसून में बाढ़ और जलभराव जैसी गंभीर समस्याओं को भी न्यौता दे दिया है।

शहर के आसपास के गांवों से गुजरने वाली छोटी-बड़ी नदियों और प्राकृतिक नालों के किनारे अतिक्रमणकारियों ने धीरे धीरे कब्जा जमा कर लिया है। कई जगह पक्का निर्माण हो चुका हैं तो कहीं-कहीं पर बाड़ी और खेतों का विस्तार नाले की सीमा तक कर दिया गया है। सालों पहले नजर आने वाली नदियों की चौड़ाई और रेतीले जगहों पर अतिक्रमण से नदियों की प्राकृतिक चौड़ाई कम हो गई है जिसके चलते जल निकासी में रुकावट हो रही है। नदियों नालों के सिकुड़ने से केवल जल निकासी ही नहीं बल्कि भूजल स्तर पर भी असर पड़ रहा है। जिन जल स्त्रोतों का पानी धीरे-धीरे जमीन में रिसता था, अब वहां कांक्रीट की दीवाल खड़ी हो गई है इससे वर्षा जल संचयन की प्रक्रिया बाधित हो रही है।

### गिर रही गंदी नालियों की धार

क्षेत्र की तीनों प्रमुख नदियां आमनेर, पिपरिया और मुस्का जो कभी अपने निर्मल जल और जीवनदायिनी प्रवाह के लिए जानी जाती थी आज गहरी पीड़ा में हैं। इन नदियों में लगातार गंदी नालियों का पानी गिरने से न केवल जल प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है बल्कि नदियों का अस्तित्व भी संकट में पड़ता जा रहा है। इस गंभीर मुद्दे पर शासन प्रशासन की लगातार अनदेखी ने स्थिति को और भी चिंताजनक बना दिया है। सदियों पुरानी तीनो नदियां क्षेत्र की कृषि, पशुपालन और पेयजल का मुख्य आधार रहा हैं। मगर आज इन नदियों के किनारों पर खड़े होना भी कठिन होता जा रहा है। जगह-जगह से घरों, होटलों, और सार्वजनिक स्थानों से निकलने वाली गंदगी और सीवरेज बिना किसी शोधन के सीधा इन नदियों में गिर रहा है। इससे न केवल जल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि जल जनित रोगों का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। कुछ साल पहले तक इन नदियों के किनारे धार्मिक आयोजन, पिकनिक और पूजा-पाठ होता था लेकिन अब गंदगी और बदबू के कारण लोग पास भी नहीं फटकते। हमने बचपन में यहां स्नान किया है यह कहने वाले अब शर्मिंदगी महसूस कर रहे है।



### ठोस कार्रवाई का अभाव बना गंदगी का मूल कारण

नदियों की दयनीय स्थिति का मुख्य कारण प्रशासनिक उदासीनता माना जा रहा है। पर्यावरण प्रेमियों ने कई बार जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, शिकायतें की और सोशल मीडिया पर अभियान चलाया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नगरीय निकाय भी इन नालों को नदियों से अलग करने की दिशा में कोई कार्य योजना नहीं बना पाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि सिर्फ सतही सफाई से बात नहीं बनेगी। दीर्घकालिक और ठोस योजना बनाना जरूरी है ताकि नालों का शोधन, अलगाव और आधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की स्थापना हो साथ ही, प्लास्टिक उपयोग पर सख्ती, नदी किनारे कचरा निष्कासन पर नियंत्रण और जनभागीदारी को बढ़ावा देना होगा। मामले मे प्रशासन की भूमिका के साथ आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि घरेलू और सार्वजनिक कचरा नदियों में डालने की बजाय उचित स्थानों पर निपटाएं तो प्रदूषण को काफी हद तक रोका जा सकता है। स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं को भी नदी संरक्षण को अपनी प्राथमिकता में शामिल करना चाहिए।

### सरकारी तंत्र की अनदेखी

प्रशासन और राजस्व विभाग की लापरवाही भी इस गंभीर समस्या की एक बड़ी वजह है। शिकायत मिलने के बावजूद अवैध कब्जों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। आमनेर नदी और नालों पर सालो से कब्जा बना हुआ है, लेकिन पटवारी स्तर से लेकर तहसील तक फाइलें धूल खा रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सावन सोनी ने बताया कि सरकारी विभागों को सब पता है, लेकिन रसूखदारों के खिलाफ कार्रवाई करने का साहस किसी में नहीं है। नतीजा ये है कि हर साल बरसात के मौसम में गांवों के अंदर पानी भरता है और लोग परेशान होते हैं। गौरतलब है कि क्षेत्र में मानसून जून के अंत तक दस्तक दे देता है। अगर इससे पहले नदियों और नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाने का काम नहीं हुआ तो हालात और भी भयावह हो सकता हैं। शहर के कई वार्ड के निवासी पहले ही कई बार बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। जल संसाधन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि विभाग ने कुछ स्थलों की पहचान की है जहां अतिक्रमण से जल प्रवाह प्रभावित हो रहा है, लेकिन कार्रवाई के लिए राजस्व विभाग और पुलिस की सहायता जरूरी है। अतिक्रमण करने वाले कई लोग राजनीतिक रूप से प्रभावशाली हैं इसलिए मामला है।

### संस्कृति और आस्था से जुड़ी है नदियां

जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मानसून के पहले सभी नदियों और नालों की साफ-सफाई कराई जाए और अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए साथ ही जल स्रोतों की सीमांकन प्रक्रिया को तेज करने की अपील की है। नदियां और नाले जो कभी जीवनदायिनी थी, आज संकटग्रस्त हैं। अगर समय रहते अवैध कब्जों को हटाकर इनका मूल स्वरूप बहाल नहीं किया गया, तो मानसून में यह संकट जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। प्रशासन, जनप्रतिनिधि और जनता सभी को मिलकर इस दिशा में गंभीर पहल करनी होगी। आमनेर, पिपरिया और मुस्का नदिया सिर्फ जल स्रोत नहीं हैं बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और जीवन की प्रतीक हैं। यदि आज हमने इन्हें नहीं बचाया, तो कल बहुत देर हो जाएगी। समय आ गया है कि हम नदी बचाओ, जीवन बचाओ के संकल्प के साथ आगे आएं।

### उचित कार्रवाई की जाएगी

नदी नालों में अतिक्रमण तो बहुत है, लेकिन अभी तक किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। शासन स्तर पर शहर मे तीन जगहों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराने की स्वीकृति मिली है। इससे नदियों में गंदा पानी जाने की समस्या खत्म हो जाएगी। जनप्रतिनिधियों से इस दोनों महत्वपूर्ण विषयों में चर्चा कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**- नरेश वर्मा,** सीएमओ नगर पालिका

# समाधान शिविर में समस्याओं का किया गया निराकरण

## पदुमतरा में समाधान शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत पदुमतरा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत तिलई, पदुमतरा, खैरझीटी, कांकेतरा, जोरातराई ब, भेड़ीकला, बोरी, गठुला, भाठागांव, बोईरडीह, महरूमखुर्द, डुमरडीहखुर्द के ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। इसके साथ ही समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी किया गया। सभी विभागीय अधिकारियों ने निराकरणों का वाचन किया।

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नन्हें शिशुओं के लिए अन्नप्रासन्न का आयोजन किया गया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अवलोकन किया। स्टॉल में अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया गया। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में प्रस्तुत शिकायतों एवं मांगों के आवेदनों का निराकरण होने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी और शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास देखने को मिला।

### शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण

शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई।

शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अनिता सिन्हा, जनपद पंचायत सभापति शिला सिन्हा, जनपद पंचायत सदस्य ललिता साहू, जनपद पंचायत सदस्य मंजू चंदेल, रमेश चन्द्राकर, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी, अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

## बंदियों को उनके अधिकारों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रम न्यायालय राजनांदगांव अमित जिंदल ने 24 मई को जिला जेल राजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर बंदियों को उनके अनेक अधिकारों व अनेक विषयों पर कानूनी जानकारी देते बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अध्याय 23 में प्ली बारगेनिंग के प्रावधान दिए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 289 के अनुसार सात साल के दंड तक के मामले में उस दशा को छोड़कर जहां अपराध देश की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को प्रभावित करता है या स्त्री या 14 साल के बालक के विरूद्ध किया गया हो, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 290 के अनुसार आरोप की विरचना से 30 दिन के भीतर अभियुक्त के स्वेच्छा से आवेदन पेश करने पर प्रकरण का पारस्पारिक संतोषप्रद निपटारा अर्थात आपसी बातचीत से निपटारा 60 दिन की अवधि के भीतर किया जा सकता है।



### कई धाराओं के बारे में विस्तार से बताया

उन्होंने कहा कि ऐसी दशा में धारा 401 या अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 (958 का 20) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के प्रावधान अभियुक्त के प्रकरण में आकर्षित है, तो वह अभियुक्त परिवीक्षा पर निर्मुक्त किया जा सकता है या न्यूनतम दंड के आधे दंड से या अन्य दशा में अपराध के लिए उपबन्धित या विस्तारित जैसी स्थिति हो, दंड के एक-चौथाई दंड से दंडित किया जा सकेगा।

# वाटर एटीएम पानी उगलने की जगह सिक्का निगल रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर में लोगों को पानी को लेकर उम्मीदें सूखने लगी हैं। करोड़ों की योजनाएं, लाखों की मशीनें और बड़े-बड़े वादे, लेकिन जनता के हिस्से आया तो सिर्फ जंग खाया एटीएम और धूल फांकती उम्मीदें। इतवारी बाजार और सरकारी अस्पताल में लगे दो वॉटर एटीएम अब कबाड़ वाले शो पीस बन चुके हैं।

ये वही मशीनें हैं जिन्हें नागपुर की नामी कंपनी राइट वॉटर सॉल्यूशन ने जनता के लिए वरदान बताकर सरकार से भारी-भरकम बजट पास करवा लिया था। हर एक एटीएम पर करीब 12 लाख रुपये खर्च हुआ। मशीनें लगीं, फीता कटा, खबरें छपीं और सरकार ने अपनी पीठ खुद ही थपथपाई, लेकिन अब हालत ये है कि एक-एक बूंद पानी के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं। भीषण गर्मी में जब छांव भी अमूल्य हो जाती है, तब सरकारी अस्पताल मे बैठा एक मरीज या उसका परिजन पानी की बोतल 20 रुपये में खरीद रहा होता है। जबकि उसी परिसर में दस कदम की दूरी पर 12 लाख की मशीन उसे चिढ़ाते खड़ी है। इतवारी बाज़ार का नज़ारा कमोबेश इससे अलग नहीं है। यात्रियों की भीड़, झुलसती दोपहर, प्यासे गले लेकिन पानी नहीं। मशीन खड़ी है, लेकिन चलती नहीं। लोग गुस्से में हैं, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं। नगरपालिका के अधिकारी कहते हैं कंपनी देखेगी, कंपनी कहती हैं ठेका खत्म हो गया यानि जनता की प्यास को कोई नहीं पहचानता।



### सरकार और कंपनी ने निभाई फार्मेलिटी

राइट वॉटर सॉल्यूशन का दावा था कि ये वॉटर एटीएम खुद से चलेंगे, लोगों को सस्ता और शुद्ध पानी मिलेगा, और हर मुहल्ला जल स्वावलंबी बनेगा। मगर हकीकत यह है कि ये मशीनें जनता को पानी नहीं, सिर्फ धोखा दे रही हैं। न फिल्टर बदला गया, न सिस्टम अपडेट हुआ, न कोई ऑपरेटर नियुक्त किया गया साफ है कि सरकार और कंपनी दोनों ने सिर्फ फ्रॉर्मेलिटी निभाई। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर ये वॉटर एटीएम किसके लिए लगाया गया था। आम जनता जो डंठे पानी से गला तर कर सके या किसी ठेकेदार की जेब गरम करने के लिए।

### एटीएम चालू कराया जाएगा

कंपनी को लेटर लिखकर मरम्मत संधारण के लिए अनुमानित व्यय बताने कहा गया है। राशि उपलब्ध होते ही दोनो वॉटर एटीएम को चालू कराया जाएगा। **- नरेश वर्मा,** सीएमओ

### कुछ महीनों में ही मशीन बंद

लाखों की मशीनें अगर कुछ महीनों में ही बंद हो जाएं और किसी को फर्क न पड़े, तो समझ लीजिए कि सिस्टम सिर्फ मशीनों का नहीं सोच का भी खराब हो चुका है। वॉटर एटीएम यानि ठंडे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का दंश भोग रहा खैरागढ़ अकेला नहीं है। प्रदेश के कई जिलों में ऐसे ही हालात हैं। जहां वॉटर एटीएम लगा हैं, वहां पानी नहीं है। जहां पानी है, वहां मशीन नही हैं। सरकार बदलती रही, योजनाएं बदलती रहीं, लेकिन जो नहीं बदला वो है जनता की हालत आज भी लोग प्यासे हैं और सिस्टम खामोश। सरकार और कंपनी दोनों को चाहिए कि वो मैदान में उतरें, इन मशीनों की सच्चाई देखें, और जवाब दें कि आखिर 12 लाख रुपये की हर मशीन से जनता को अब तक कितना बूंद पानी मिला और नहीं मिला, तो क्यों नहीं मिला। अगर जवाब नहीं है, तो कम से कम इतना तो मान लें कि इन वॉटर एटीएम ने लोगों को पानी नहीं दिया लेकिन ये जरूर बता दिया कि विकास सिर्फ पोस्टर में होता है, जमीन पर नहीं।

## जैव विविधता के संरक्षण के प्रति किया जागरूक

# अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस वन चेतना केन्द्र मनगटा में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर वन चेतना केंद्र मनगटा में जैव विविधता के महत्व और उसके संरक्षण के प्रति जनजागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने जैव विविधता के पहलुओं पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव जिले की स्थानीय जैव विविधता को दर्शाती फोटो गैलरी लगाई गई। जैव विविधता और पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ राजनांदगांव की प्राकृतिक संपन्नता को बनाए रखने वन विभाग और समाज की संयुक्त भागीदारी के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया।



कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ताओं में विवेक शुक्ला, प्रतीक ठाकुर, राजेंद्र मिश्रा, एमएल नायक और सुबोध पांडे ने जैव विविधता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, प्रशांत कोड़ापे, सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड राजेश चंदेल, संयुक्त सीईओ राज्य कैम्पा अमिताभ बाजपेयी एवं वन मंडलाधिकारी खैरागढ़ पंकज राजपूत, वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव आयुष जैन, वनमंडलाधिकारी मोहला दिनेश पटेल, वनमंडलाधिकारी दुर्ग दीपेश कपिल और प्रशिक्षु भावसे अभिषेक अग्रवाल, वृत्त के विभिन्न वन मंडलों के उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, मैदानी अमला, जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### गरमी के धान की जगह मूंग की खेती को बढ़ावा, किसानों को हो रहा लाभ

**खैरागढ़।** जिले में इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मूंग की खेती को प्राथमिकता दी जा रही है। कृषि विभाग की पहल पर किसानों को कम जल खपत वाली फसल की ओर प्रेरित किया गया जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

इस साल जिले में कुल 2 हजार 285 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन मूंग की बुवाई की गई जो गत वर्ष की तुलना में अधिक है, जो यह दर्शाता है कि किसान पारंपरिक धान फसल की अपेक्षा अब मूंग की ओर रुझान दिखा रहे हैं। मूंग की फसल की अवधि मात्र 90 दिन की होती है, जिससे किसान कम समय में अच्छी उपज प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही यह फसल भूमि की उर्वरता बढ़ाने में भी सहायक है। विभाग द्वारा किसानों को उन्नत किस्म के बीज निःशुल्क या अनुदान पर उपलब्ध कराया गया, जिससे उन्हें बेहतर उत्पादन में मदद मिली। धान की तुलना में मूंग फसल में कम पानी की आवश्यकता होती है। जिले के कई क्षेत्रों में जल संकट को ध्यान में रखते हुए यह परिवर्तन टिकाऊ कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कृषि विभाग का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में ग्रीष्मकालीन धान का रकबा कम कर किसानों को दलहनी फसलों की ओर मोड़ा जाए। इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि जल संरक्षण व मृदा स्वास्थ्य में भी सुधार आएगा।

# तीन माह के एक मुश्त चावल वितरण की निगरानी करेगा दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ निगरानी करने अनुभाग स्तर पर दल का गठन

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के परिपालन में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकानों में माह जून से अगस्त 25 तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत तीन महा के चॉवल का 30 मई तक एकमुश्त भंडारण करने और 1 जून से चावल उत्सव का आयोजन किया जाकर लक्षित हितग्राहियो को एकमुश्त चावल वितरण की निगरानी करने अनुभाग स्तर पर दल का गठन किया है। खैरागढ़ के लिए नोडल अधिकारी व एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित सहायक खाद्य अधिकारी संजय कुमार ठाकुर, खाद्य निरीक्षक विनोद सागर, मनीष ध्रुव और सहकारिता विभाग की निरीक्षक अनीता नंदे को सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार छुईखदान अनुभाग के लिए नोडल अधिकारी व एसडीएम अविनाश ठाकुर, सहायक खाद्य अधिकारी दीपक कुमार, खाद्य निरीक्षक डालेश्वरी देवहारे और सहकारिता निरीक्षक अभय कापरे को निगरानी दल मे शामिल किया गया है। उक्त दल नागरिक आपूर्ति निगम के प्रदाय केन्द्रों में वाहनों की व्यवस्था से लेकर दुकान स्तर पर समुचित भंडारण और वितरण की दैनिक निगरानी करना सुनिश्चित करेंगे।

### दिव्य सत्संग प्रवचन 1 को

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत पेंडरी में आगामी 1 जून को सदगुरू कबीर प्राकट्य महोत्सव पर्व पर परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग अपने संत मंडली के साथ एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में पधारकर सारगर्भित अध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन के माध्यम से सदगुरु कबीर धर्मानुरागी भक्त हंसजनों को अमृतमयी सत्संग श्रवण लाभ कराएंगे। इसी के साथ ही सद्गुरु कबीर भजन गायक मंहत राधेश्याम शास्त्री साहेब कबीर आश्रम कंडेल नवागांव धमतरी और छग शासन संस्कृति विभाग द्वारा दूरदर्शन रेडियो कलाकार सुप्रसिद्ध भजन गायक सुरेश ठाकुर एवं साथी सरल सरिता भजनामृत रायपुर द्वारा भजन संध्या करेंगे। इस आयोजन के प्रमुख सदगुरु कबीर आश्रम गादीपति महंत सेवादास साहेब और ट्रस्टी के सम्मानित अध्यक्ष फलेश कुमार साहू, हमीर दास साहू, बालक दास साहू, गोरख दास साहू, नेहा निरंजन साहू, कौशल साहू, जंत्री मुरारी दास साहू, गोरख दास साहू, परमानंद साहू, रामखिलावन साहू, नेतराम साहू, भागवत दीवान, नारायण साहू, कामता प्रसाद, छोटूराम, दुर्गश साहू, नरोत्तम साहू, डेहरलाल सिन्हा, हेमंत साहू हैं। यह जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के प्रबंधक योगदास साहू ने दी।

## खबर संक्षेप

### नेशनल रेसलिंग में अंश ने जीता गोल्ड मेडल

**जेवरतला रोड।** बीसीएआई ने नेशनल आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन बंगलुरु में किया था। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 40 सदस्य शामिल हुए थे। ग्राम सिर्रा भाग अ (मुजगहन) निवासी अंश भुआर्य पिता ऋषिकांत भुआर्य ने भी स्पर्धा में शामिल होकर 86 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है। अंश भुआर्य का आसाम, केरल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के साथ मुकाबला हुआ था। ग्रामीणों ने अंश को बधाई दी है।



### सोसायटियों में डीएपी खाद की किल्लत : महेंद्र

**तुमड़ीबोड़।** जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव ने समितियां में अभी से यूरिया तथा डीएपी खाद की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से मानसून की दस्तक को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में यूरिया और डीएपी खाद किसानों को मुहैया कराने की मांग की है। जिला इंका ग्रामीण के महामंत्री श्री यादव ने कहा कि डबल इंजन सरकार के रहते हुए डीएपी और यूरिया खाद की कमी होना दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सोसाइटी में खाद उपलब्ध नहीं कर पा रही है जबकि व्यापारियों के यहां पहले ही खाद डंप हो रही है। किसानों को अतिरिक्त कीमत देकर खाद बीज लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डीएपी खाद की कमी से किसान परेशानी हो रहे है। समय पर डीएपी खाद नहीं मिलने से बुवाई प्रभावित होगी। श्री यादव ने बताया कि खाद की कमी से अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं लेकिन समस्या का अभी तक समाधान नहीं हो सका है।



### समर कैंप का आयोजन

**घुमका।** हायर सेकेंडरी स्कूल बड़े टेमरी में सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन 26 मई से जारी है। कैंप के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने वर्चुअल ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों को वास्तविक जीवन वार्तालाप अभ्यास के लिए संवाद अभ्यास, दुकानों में खरीदारी, राहगीरों से रास्ता पूछना आदि के बारे में बताया गया। व्याख्याता नीलम सुखदेव ने बताया कि समर कैंप में छात्र-छात्राओं को सात बिंदु पर रोजाना चार घंटे वास्तविक जीवन से अवगत कराया जाएगा जिससे छात्र-छात्राओं में देश प्रेम, भौगोलिक जानकारी, संस्कृति का ज्ञान, संगीत नृत्य, व्यंजन, सशस्त्र बल, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कलाकारों आदि की जानकारी मिल सके।



### आतरगांव में पाइप लाइन विस्तार की घोषणा

**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने आंतरगांव में बोर खनन का निरीक्षण किया। ग्राम में बोर खनन के बाद पाइप लाइन विस्तार के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कलेक्टर से चर्चा की। ग्राम में जल्द ही पाइप लाइन का विस्तार कार्य किया जायेगा। पाईप लाईन विस्तार होने से जल घरों तक पहुंचेगा और जल समस्या दूर होगी। निरीक्षण के दौरान जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जिपं सदस्य बिरम मंडावी, जनपद सदस्य भारती देवांगन, सरपंच खुशबू साहु, सीता वैष्णव, सुरेश साहु आदि उपस्थित थे।



### राशन कार्ड धारियों को मिलेगा 3 माह का चावल

**मोहला।** शासन के निर्देशानुसार राशन कार्ड धारियों को 3 माह जून, जुलाई एवं अगस्त का चावल एक साथ 30 जून तक बांटा जाएगा। कार्डधारियों को मिलने वाला चना, नमक, शक्कर अलग-अलग माह में दिया जाएगा। जिले में राशन दुकानों के भवन छोटे होने के कारण 3 माह के चावल भंडारण के लिए कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने पंचायतों को चावल रखने के लिए अन्य शासकीय भवनों का उपयोग करने निर्देशित किया है। चावल वितरण के समय सभी राशन दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### परमालकसा में आंगनबाड़ी केन्द्र मंजूर

**सोमनी।** सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत परमालकसा के सरपंच ने नया आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग महिला बाल विकास विभाग से किया था। आवेदन के निराकरण के संबंध में विभाग ने बताया कि ग्राम में नवीन केंद्र खोलने की अनुमति के साथ आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के लिए कार्यकर्ता एवं सहायिका की भर्ती की जाएगी। सूचना के आधार पर ग्राम पंचायत द्वारा आवेदन लिया जा रहा है। ग्राम में प्रारंभ से एक केंद्र संचालित है। बच्चों की संख्या को देखते हुए एक और आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग की जा रही थी जो अब पूरी हुई है। सरपंच परमीला साहू एवं उपसरपंच विकास बंजारे सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का आभार व्यक्त किया है।

### ललित बने भाजपा के महामंत्री

**पटेवा।** घुमका मंडल भाजपा की कार्यकारिणी घोषित हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने घुमका मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा की सहमति से इरईकला के ललित साहू को महामंत्री का दायित्व सौंपा है। श्री साहू पूर्व में युवा मोर्चा मंत्री, उपाध्यक्ष, अध्यक्ष पद का निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में ग्राम पंचायत इरईकला में सरपंच हैं। साहू को यह जिम्मेदारी मिलने से युवाओं मे हर्ष व्याप्त हैं। वह जीवराखन साहू, पूर्व सरपंच फलेश्वरी साहू के पुत्र है। उन्होंने दायित्व सौंपने के लिए सभी वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया है।



### कुमरदा-गैंदाटोला मार्ग पर गहरे गड्ढे

**छुरिया।** कुमरदा से गैदाटोला, कल्लू बंजारी मार्ग जर्जर हो चुका है। लगभग 25 किलोमीटर लंबे मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। इस मार्ग पर आए दिन घटनाएं होते रहती है जिसका कारण यह है कि मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो हैं। लोग गिर रहे हैं और उन्हें चोट भी आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश होने पर गड्ढे मे पानी भरने से लोगों को गड्ढो का अंदाजा नहीं लगा पाते और 0 फिसल कर गिर जाते हैं। क्षेत्रवासियों की मांग के बाद भी मरम्मत कराने की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है । क्षेत्रवासियों ने गड्ढो की मरम्मत एवं सड़क डामरीकरण कराने की मांग की है।



### जल संकट से गांव वाले परेशान, खेती भी हो रही बाधित

# बसावर में गहराया जल संकट, डाऊन हुआ वाटर लेवल, बोरवेल भी फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत नादिया के आश्रित ग्राम बसावर में जल संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों को पीने का पानी तो जैसे-तैसे मिल रहा है, लेकिन अन्य दैनिक कार्यों जैसे सिंचाई, मकान निर्माण आदि के लिए पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 400 आबादी वाले बसावर में सौ परिवार निवास करते हैं, जिनमें से अधिकांश खेती पर निर्भर हैं।

ग्राम में दो पानी टंकी और कुछ हैंडपंप हैं, जो ग्रामीणों की प्यास बुझाने का मुख्य स्रोत हैं। हालांकि भूजल स्तर में लगातार गिरावट के बाद टंकियों में पानी भरने में कठिनाई आ रही है। हैंडपंप भी सूखने के कगार पर हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि भूजल स्तर और नीचे चला गया, तो उन्हें पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।



**समाधान किया जाएगा**

जनपद पंचायत छुईखदान के उपाध्यक्ष राजू जंघेल ने बताया कि ग्राम में पानी की समस्या है तो ग्रामवासियों से मिलकर हल निकालने का प्रयास किया जाएगा।

**सिंचाई के लिए नहर और नाली**

ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या के कारण धान की नर्सरी तैयार करने में भी दिक्कतें आ रही हैं। कुछ ही किसानों के पास निजी बोरवेल हैं, जिसके चलते अधिकांश ग्रामीण सब्जी की खेती भी नहीं कर पाते हैं। मौसमी खेती के लिए उन्हें पूरी तरह से बारिश के पानी या नहर के पानी पर निर्भर रहना पड़ता है। पंच कनक जांगड़े और राजकुमार धुर्वे ने बताया कि पानी की कमी के कारण ग्रामवासियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नल-जल योजना होने के बावजूद पानी घरों तक नहीं पहुंच रहा है। पानी की कमी के चलते खेतों में सब्जी लगाना असंभव हो गया है। ग्रामीण आवास योजना या निजी खर्च में घर बनाना चाहे तो उन्हें तराई और अन्य कार्यों के लिए पानी नही मिलता है।

## ठंडा जल वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेल यात्रियों को निःस्वार्थ ठंडा जल वितरण सेवा समिति के मुख्य संयोजक सौरभ खंडेलवाल एवं मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार के समन्वयक योगेश साहू एवं जल सेवा वितरण समिति के मुख्य प्रभारी महेश शर्मा ने बताया कि नौतपा की भीषण गर्मी में श्रमदान सेवा सहभागिता भी रेल यात्रियों को जनरल डिब्बे तक पहुंचकर प्रतिदिन निःस्वार्थ ठंडा जल वितरण सेवा निरंतर अविरल जारी है। महापौर मुख्य अतिथि के रूप में रेल यात्रियों को ठंड जल वितरण सेवा में श्रमदान सेवा की। वहीं संतोष पटाक, पारस वर्मा, सूरज बुद्धदेव, राजेंद्र गोलछा, महेश खंडेलवाल, मधु बैद, विनय पटेल, मौसमी शर्मा, मीना पांडे, ममता शर्मा समेत अन्य ने रेल यात्रियों को निःशुल्क ठंडा जल वितरण किया। उक्त जानकारी सौरभ खंडेलवाल ने दी।

## अहिल्याबाई पर छात्रों ने बनाया चित्र और रंगोली



■ आयोजन में दिखी बच्चों की प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के वार्ड 7 स्थित नवीन पूर्व माध्यमिक शाला में प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन वृतांत को चित्र और रंगोली के माध्यम से जीवंत रूप में प्रदर्शित किया। बड़ी संख्या में बच्चों ने इस गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को देवी अहिल्याबाई के अनुकरणीय जीवन, प्रशासनिक कौशल, न्यायप्रियता और लोक कल्याणकारी कार्यों के बारे में बताया गया। इस दौरान संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उनके जीवन और आदर्शों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रधानपाठिका यांत्री पड़वार, शिक्षक कौशलसिंह राजपूत, मांगीलाल यादव, संतोष रजक, सहायक राजस्व निरीक्षक कमल नेताम, राजमणि शर्मा, नवीन नामदेव और शिव ठाकुर शामिल हुए। सीएमओ अविनाश देवांगन ने बताया कि देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में राज्य शासन ने 31 मई तक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिया है। इसी कड़ी में रंगोली और चित्रकला का आयोजन किया गया था।

## संविधान रैली में कांग्रेस का उल्टा झंडा

### कांग्रेसजनों की मनमानी के बाद उजागर हुई लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से विवादों का नाता छूटते नहीं दिख रहा है। दो जिला पंचायत सदस्यों के निष्कासन और जिला कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करने के बाद से सुर्खियों में आई ब्लाक कांग्रेस अब फिर झमेले में आ गई है।

गौरतलब है कि बीते सप्ताह संविधान बचाओ रैली की रुपरेखा बनाने के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित किया गया था। निकाय और त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में शर्मनाक पराजय से खिन्न कांग्रेसियों ने अपने अधिकार क्षेत्र को लाँघते हुए दो जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव और विभा साहू को निष्कासित करने का प्रस्ताव कर दिया था। वही इसी बैठक में जिला इंका अध्यक्ष भागवत साहू के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करते उन्हें कार्यक्रम से बहिष्कृत करने का निर्णय लिया गया था।



**राजधानी तक गूंज**

निष्कासन का फैसला अखबारों की सुर्खी बनने के बाद मामले की गूंज राजधानी तक रही। पीपीसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के खिलाफ नोटिस जारी हर तीन दिनों में जवाब मांगा है।

**विभा ने बनाया दूरी, महेन्द्र हुए शामिल**

कांग्रेस की सभा से हाल में कथित तौर पर निष्कासित की गई जिला पंचायत सदस्य विभा साहू ने दूरी बनाए रखा। वहीं जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव बकायदा रैली में शामिल हुए और मंच पर आसीन रहे। श्री यादव की अप्रत्याशित मौजूदगी को लेकर कांग्रेसजन कानाफूसी जरूर करते रहे किन्तु खुलकर बोलने से सभी परहेज करते रहे।

**अब नया बखेड़ा**

पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक 28 मई को नगर में विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया।संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना एवं आमजनों को अधिकारों से जागरूक करने के उद्देश्य से निकलने वाली रैली के पहले पुराने बस स्टैंड में सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने संविधान को बदलने के किए जा रहे प्रयास और उससे होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला। सभा के बाद कांग्रेसी रैली की शक्ल में शहर भ्रमण करने निकले किन्तु कुछ कदम चलने के बाद बारिश चालू होने से रैली थम गई। रैली में शामिल लोग पार्टी का झंडा लेकर चल रहे थे। वहीं ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के पीछे चल रहा एक शख्स उल्टा झंडा लेकर चल रहा था जिसे तस्वीर में साफ देखा जा सकता है।

## निधन

### चितरेखा साहू

**तुमड़ीबोड़।** आलीवारा निवासी चितरेखा साहू उम्र 62 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। वह युवा कांग्रेस जिला महासचिव गुलशन साहू की माता एवं जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू की बड़ी बहन थी। उनका अंतिम संस्कार आलीवारा के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में जिपं सदस्य महेंद्र यादव, जनपद सदस्य महेश सेन, रजत साहू, नूतेन्द्र सिन्हा, भीखम साहू, कौशल वर्मा, बिजेलाल साहू, आशीष साहू आदि बड़ी संख्या में सम्मलित हुए। विधायक दलेश्वर साहू एवं उनकी धर्मपत्नी जयश्री साहू ने घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।



## पर्यावरण एवं प्रकृति को सुरक्षित रखने कार्य करें

**राजनांदगांव।** स्काउट्स और गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह का आयोजन 26 मई को राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में राजभवन रायपुर में आयोजित किया गया। समारोह में राज्यपाल डेका ने राज्य के सर्वश्रेष्ठ स्काउटर, गाइडर, रोवर, रेंजर, एवं स्काउट-गाइड को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या को देखते प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी सबसे बड़ी जवाबदारी है। स्काउट्स एवं गाइड्स को इसमें अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम पर लगाने और दोस्तों एवं परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा। समारोह में सर्वश्रेष्ठ स्काउट दीपक सिंह, नितिश कुमार यादव, लोमेश कुमार, सर्वश्रेष्ठ गाइड दीक्षा पटेल, हंसनी, झरना साहू, सर्वश्रेष्ठ रोवर अनुज साहू, सर्वश्रेष्ठ रेंजर नेहा सेन व प्रियंका यादव को राज्यपाल ने पुरस्कृत किया। इसी तरह सर्वश्रेष्ठ स्काउटर गोपाल राम वर्मा व मिलन सिंह सिन्हा एवं सर्वश्रेष्ठ गाइडर पुष्पा शांडिल्य व रजनीकला पाटकर सम्मानित हुए। दीर्घ सेवा अलंकरण स्काउटर रोमन लाल साहू व गाइडर बीना यादव को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं आभार प्रदर्शन राज्य सचिव कैलाश सोनी ने दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, राज्य के अन्य पदाधिकारी, विभिन्न जिलों से आए स्काउटर, गाइडर, रोवर, रेंजर एवं स्काउट-गाइड उपस्थित थे। कार्यक्रम में महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त राजनांदगांव शामिल हुए।




### जार्डन में दिखाया अपना खेल कौशल

# विजेता वसुंधरा का गाजे बाजे से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अम्मान जॉर्डन में आयोजित 9 वीं एशियाई जुजीत्सु चैंपियनशिप में भारतीय दल की ओर से डोंगरगढ़ की राणा वसुंधरा सिंह ने 63 किलोग्राम वजन समूह में तीन इवेंट नवाजा, फाइटिंग सिस्टम, मिक्स डूओ फाइटिंग में भाग लेते हुए क्रमशः वियतनाम, जॉर्डन, कज़ाख़िस्तान, थाईलैंड से फाइट करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है। फाइटिंग सिस्टम में वसुंधरा सिंह को एशिया में चौथी रैंक प्राप्त हुई है। पदक हासिल कर भारतीय दल दुबई से नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुँचा जहां स्वागत हुआ।

इसी प्रकार वसुंधरा सिंह एवं जतिन राहुल का रायपुर एयरपोर्ट में रायपुर जिला संघ ने स्वागत किया। नगर पहुँचते ही वसुंधरा ने माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन किए। यहां समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, जिला खेल संघ के अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी, अमित जैन, जसमीत बन्नोआना उपस्थित थे। ततपश्चात ट्रस्ट समिति, भाजपा एवं अन्य ने नाम रौशन करने वाली विजेता खिलाड़ी का जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान विनीत यादव, अचला ठाकुर, श्याम तिवारी, विकास कौशिक, बलविंदर भाटिया, विकास सहारे, जसप्रीतसिंग पपलू, बाबूराव जनबंधु, सुरेश शांडिल्य आदि उपस्थित थे।



**सफलता से शहरवासी खुश**

उक्त मौकेपर खेल संघ के जिला अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी ने बताया कि वसुंधरा की मेहनत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता था कि वह अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रौशन करेगी। श्री भंडारी ने कहा कि यह दिन उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में इतनी जल्दी आएगा इसका अंदाज नहीं था। उन्होंने इस बात पर खुशी जताते हुए कहा कि बिना सुविधा के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ सहित डोंगरगढ़ की अद्वितीय छाप छोड़ना सभी के लिए गौरव की बात है।

## छात्रों को दी हाईटेक जानकारियां



**गंडई पंडरिया।** देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए 15 दिवसीय डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों को डिजिटल युग की आवश्यकताओं से परिचित कराने और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाने किया गया था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई जिसमें उपयोगी दस्तावेजों की डिजिटल उपलब्धता, शैक्षणिक ऐप्स, प्रभावी रिज़्यूम एवं करिकुलम विटे का निर्माण, अनुवाद ऐप्स का प्रयोग, शासकीय पोर्टलों में पंजीकरण, प्रतियोगी परीक्षाओं के फॉर्म भरने की विधि, डिजिटल सुरक्षा के उपाय, समाचार-पत्र और ऑनलाइन लेख पढ़ना, सूचना एवं संचार तकनीक के उपयोग की जानकारियां शामिल थीं। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संचालन दीपांशु यादव, गौरव जैन ने किया। समापन पर सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

## सार समाचार

### जिला प्रेस क्लब की बैठक आयोजित

**मोहला।** वन विकास निगम रेस्ट हाउस मोहला में आज जिला प्रेस क्लब मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में प्रेस क्लब के संगठनात्मक विस्तार एवं मजबूती के उद्देश्य से हाउसिंग बोर्ड सोसायटी एवं पंजीयन रजिस्ट्रीकरण नवीनीकरण के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर सदस्यों ने संगठन के आधिकारिक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने पर सहमति जताई। साथ ही पत्रकारहितों और प्रेस की निष्पक्षता को बनाए रखने विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संगठन में नए सदस्यों को भी शामिल किया गया। जिससे प्रेस क्लब की टीम और अधिक सशक्त हुई। सभी नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उनसे पत्रकारिता के उच्च मानकों को बनाए रखने की अपील की गई। बैठक को क्लब के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है। जिससे न केवल संगठनात्मक ढांचा मजबूत होगा, बल्कि पत्रकारों की आवाज को भी और अधिक प्रभावशाली मंच मिलेगा। बैठक में प्रेस क्लब जिला अध्यक्ष एनिशपुरी गोस्वामी, प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष शमीम तिगाला, योगेंद्र सिगने, लक्ष्मीकांत सोनी, जावेद खान, जितेंद्र गायकवाड़, मनमोहन मलगामे, विनोद टेम्बुलकर, योगेश खंडेलवाल, ऐश्वर्य साहू, कलीमुद्दीन खान, मनीष कौशिक, मनीष बंसोड़, मनोज यादव, आशीष कसार, नीलकंठ साहू, केजन साहू आदि उपस्थित रहे।

### कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज, पुलिस मामले की जांच में जुटी

# बिजली बंद होने पर भड़के लोगों ने कर्मचारियों से की मारपीट

- विद्युत विभाग के लालबाग उपकेन्द्र में बीती रात हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रात में कालोनी में बिजली बंद की शिकायत को लेकर लालबाग उपकेन्द्र पहुंच दर्जनभर से अधिक लोगों ने यहां उपस्थित कर्मचारियों के साथ जमकर गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी दी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात लगभग साढे 11 बजे लालबाग उपकेन्द्र में कार्य में तैनात लाइन कर्मचारियो सूरज, उदय व गौरव के साथ प्रकाश कालोनी में लाइन बंद की शिकायत करने आए लगभग दर्जनभर से अधिक व्यक्तियों ने जमकर गाली-गलौज एवं मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। जिससे लाइन कर्मचारियों में भय व्याप्त हो गया है। इस मामले को लेकर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता पश्चिम जोन हिमांशु भुआर्य ने पुलिस में शिकायत आवेदन किया है। इस मामले में कोतवाली थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

#### कार का कांच तोड़ बैटरी चोरी

इधर सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात अज्ञात आरोपियों ने विद्युत कर्मचारी की खड़ी कार का कांच तोड़कर बैटरी चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार प्रार्थी धर्मशील खोब्रागढ़े ने सोमनी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 27 मई को रात्रि लगभग 10 बजे ग्राम मनकी एरिया का विद्युत लाइन बंद होने पर अपने स्टाफ सुनिल कुमार, कमलेश के साथ विद्युत लाइन का पैदल पेट्रोलिंग करने गया था। अपने निजी वाहन कार को सामने के आगे खुटेरी चौक हाईवे रोड के किनारे खड़ी कर चला गया था। 28 मई की सुबह 3 बजे रात्रि पेट्रोलिंग कर वापस अपने स्टाफ के साथ खुटेरी चौक में खड़ी कार के पास आया तो देखा कि कार के सामने के बांये साईड के सामने दरवाजे का ग्लास टूटा हुआ था। कार के बंफर में भी तोड़फोड़ किया गया था। कार के बोनट को खोलकर बैटरी एवं जेक राड को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## समाधान शिविर में आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत आतरगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का समाधान शिविर में निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जनसामान्य के विकास के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने जनसामान्य से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। श्रीमती वैष्णव ने गर्भवती माताओं की गोदभराई की और बच्चों का अन्नप्राशन किया। साथ ही विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर योजनाओं एवं हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली। शिविर में संजय सिन्हा, प्रशांत ठाकुर, गोपाल सिंह भुआर्या, बिरम मंडावी, भेषबाई साहू, एकांत चंद्राकर, हरिला चंद्रवंशी, जैमुन कंवर, भारती देवांगन, भानबाई मंडावी, सुनीता सेवता, उभेराम मंडावी, भानबाई मंडावी, चुनिया कंवर, श्रीकांत कोर्राम, आकांक्षा साहू, होरीलाल साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बीएससी नर्सिंग परीक्षा में फिजिक्स और केमिस्ट्री के प्रश्नों ने उलझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आज शहर में बीएससी नर्सिंग की परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए शहर में चार अलग-अलग केंद्र बनाए गए थे। जिसमें शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र हायर सेकंडरी स्कूल, स्टेट स्कूल और गुरुनानक स्कूल को केंद्र बनाया गया था।

सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक एक पाली में आयोजित हुई इस परीक्षा के लिए 1912 परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था। जिसमें से 1318 परीक्षार्थी ही परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं 594 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



#### बड़ी संख्या में शामिल हुई युवतियां

नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश को लेकर आयोजित परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों में उत्साह दिखाई दिया। सुबह समय से पूर्व परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्रों में पहुंचे। सभी सेंटर में बड़ी संख्या में युवतियां नजर आई। नर्सिंग पाठ्यक्रम को लेकर पिछले कुछ वर्षों में युवतियों का रूझान बढ़ा है। बीएससी नर्सिंग की परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों ने अपनी खासी तैयारी की हुई थी। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने कहा कि प्रश्न बेहतर आए थे, लेकिन फिजिक्स और केमिस्ट्री के प्रश्न उलझाने वाले थे।

### जयंती पर फोटो प्रदर्शनी आयोजित

**राजनांदगांव।** देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर पालिक निगम राजनांदगांव के टाउन हाल में आयोजित फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा राष्ट्र और धर्म के लिए समर्पित, भारतीय संस्कृति और वीरता की प्रतिमान, सशक्त भारतीय नारी का पर्याय लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के ब्रोशर का वितरण किया गया। इस अवसर पर फोटो प्रदर्शनी में देवी अहिल्याबाई होल्कर की विरासत, प्रशासनिक कुशलता, सामाजिक सुधारों, सड़क व जल व्यवस्था, न्यायप्रियता, धार्मिक सहिष्णुता, महिला सशक्तिकरण के लिए उनके योगदान को फोटो प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन पत्रिका का निःशुल्क वितरण किया गया।

# पिकअप में मवेशी तस्करी, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिकअप वाहन में मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर भरकर कत्लखाना ले जाने की सूचना पर पुलिस ने वाहन का पीछा कर पकड़ा। वाहन से 13 मवेशी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत 29 मई को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि पिकअप वाहन में अवैध रूप से मवेशी तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हमराह उपनिरीक्षक ओमसिंह साहू एवं अन्य थाना स्टाफ व बोईरडीह चर्च के पास पहुंचकर नाकाबंदी किया गया। नाकाबंदी के दौरान डोंगरगांव की तरफ से आ रहे पिकअप वाहन को रोकने का ईशारा किया गया।




#### वाहन छोड़कर भागे, एक पकड़ाया

जिस पर वाहन चालक द्वारा पुलिस को देखकर वाहन को भगा ले गया। पीछा करने पर कुछ दूरी में जाकर वाहन को रोककर तीन व्यक्ति खेतों की ओर भागने लगे। जिससे एक व्यक्ति पुलिस पकड़ में आया, अन्य दो व्यक्ति भाग निकले। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम बादल मोहतुरे निवासी ग्राम इंदुरखा जिला भंडारा महाराष्ट्र का रहने वाला बताया तथा भागने वाले आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिया।

#### दो फरार आरोपियों की तलाश

पुलिस के अनुसार वाहन के डाला से तालपतरी हटाकर चेक किया गया। डाला के अंदर 10 नग गाय, बछिया तथा 3 नग बछड़ा बैल कुल 13 नग मवेशी कीमती लगभग 40000 रुपए को बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरना पाया गया। मवेशियों को भंडारा बाजार कत्लखाना ले जाना आरोपी द्वारा बताया गया। उक्त मवेशी एवं पिकअप वाहन को गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 11 पशुक्रूरता निवारण अधिनियम एवं धारा 4, 6, 10 कृषक पशु परि. अधिनियम का पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जब्तशुदा कुल 13 नग मवेशी को नंदनी गौशाला हालेकोसा में सुरक्षार्थ रखा गया है। फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

# महापौर वार्डों में भ्रमण कर लोगों से हुए रूबरू

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव निगम के तकनीकी अमला के साथ साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य देखने सुबह वार्ड नं. 23 पहुंचे। उन्होंने वार्ड पार्षद व राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा के साथ सिंधी कालोनी, प्रभात नगर में पैदल भ्रमण कर लोगों से रूबरू होकर सफाई व पानी के संबंध में वार्डवासियों से चर्चा की।



महापौर यादव सिंधी कालोनी में घूमकर लोगों से चर्चा कर कहा कि आगामी बारिश के मौसम में वर्षा जनित बीमारी से बचने साफ-सफाई रखें। अपने आसपास पानी जमाव की स्थिति निर्मित न होने दें। नाली में कचरा न डाले, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ी में ही कचरा डाले एवं यूजर चार्ज दें। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा नाली-नालों की सफाई कराई जा रही है। इसमें सहयोग करें और नाली में मलमा आदि न डाले। महापौर ने महेन्द्र नगरवासियो से मुलाकात की। महेन्द्र नगर में पानी निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग पर संबंधित उप अभियंता को प्रक्रिया करने कहा।

प्रभात नगरवासियों से महापौर यादव ने मुलाकात कर पानी व सफाई के संबंध में चर्चा की। पार्षद राजा माखीजा एवं मोहल्लेवासियों ने कहा कि नाला नहीं होने एवं पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण प्रभात नगर में पानी भर जाता है। महापौर ने कहा कि पुष्पवाटिका के बाजू प्रभात नगर में नाला निर्माण स्वीकृत है। जिसकी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा से कहा कि नाला निर्माण जल्द प्रारंभ कराएं और पुलिया मरम्मत कर प्रभात नगर एवं वाईडनियर स्कूल के पास चेम्बर बनाएं, ताकि पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो।

# मध्यप्रदेश की 32 बोतल और महुआ शराब जब्त, आरोपियों पर कार्रवाई

- दो दिन अलग-अलग इलाकों में आबकारी विभाग ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत बुधवार को आबकारी विभाग ने डोंगरगढ़ इलाके में अलग-अलग दो दिन में हाथ भट्ठी महुआ शराब और मध्यप्रदेश निर्मित शराब जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया।

मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत 28 मई को अनिल सिंह आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ हमराह स्टाफ लालसिंह राजपूत आबकारी मुख्य आरक्षक, भोजराज बंजारे आबकारी आरक्षक के दल ने घटना पटना धिकुडिया रोड थाना डोंगरगढ़ में आरोपी संजय उइके निवासी वार्ड नं. 1 धिकुडिया थाना डोंगरगढ़ के कब्जे से 15.000 बल्क लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त किया। इस पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59 (क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

इधर 29 मई को कुसुमलता जोल्हे सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत्त प्रभारी राजनांदगांव पूर्व, हमराह स्टाफ ताम्रध्वज ठाकुर, आर्यन ठाकुर आबकारी आरक्षक, दीपक गुप्ता, सुरेश के दल ने घटनास्थल बिरेझर में आरोपी भुनेश्वर बघेल निवासी बीरेझर के कब्जे से 8.000 बल्क लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त की गई। इस पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59 (क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई। वहीं 29 मई को ही राजकुमार कुर्रे आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला हमराह स्टाफ निजाम शाह आबकारी मुख्य आरक्षक, अनिल सिन्हा, भोजनारायण उड्के के दल ने आरोपी भुवन लाल सलामे के रिहायशी मकान ग्राम कंटेगाटोला में 25.000 बल्क लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त की गई। इस पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 34(2), 59 (क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।



#### प्रकरण दर्ज

इसी प्रकार 29 मई को घटनास्थल रेलवे स्टेशन के पास बोरतलाब में आरोपी गणेश गेडामे निवासी वार्ड नं. 7 कालकापारा डोंगरगढ़ के कब्जे से 32 नग बोतल मध्यप्रदेश निर्मित बाम्बे स्पेशल व्हिस्की कुल मात्रा 24.000 बल्क लीटर जब्त की गई। इस पर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 59 (क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

# शराब तस्करी, मोपेड चोरी का आरोपी गिरफ्तार

- लालबाग पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने शराब तस्करी एवं स्कूटी चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 4 मोपेड एवं 55 पौवा देशी शराब जब्त किया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 23 मई को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति द्वारा रेवाडीह शराब भट्ठी से जुपीटर वाहन में अधिक मात्रा में शराब बिक्री करने की नीयत से शराब इकठ्ठा कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में स्टाफ मौके पर रवाना हुए। जुपीटर वाहन का संदेही चालक पुलिस को आता देखकर जुपीटर वाहन को तेज गति से चलाते हुए ट्रांसपोर्ट नगर चौक की ओर भागने लगा। जिसका पीछा करने पर वह ट्रांसपोर्ट नगर के साहू ट्रक बाडी के सामने अपने वाहन जुपीटर को छोड़कर भाग गया। वाहन को चेक करने पर एक प्लास्टिक बोरी में 30 पौवा शोले प्लेन मदिरा होने से वाहन चालक संदेही अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना लालबाग में धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु टीम गठित किया गया। शराब एवं जुपीटर स्कूटी को जब्त किया गया।

#### वाहन एवं शराब जब्त

पुलिस के अनुसार 29 मई को मुखबीर सूचना के आधार पर संदेही आरोपी प्रणय कुंजाम उर्फ पन्ने को ग्राम सिंगदई से अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने एवं उक्त अपराध में प्रयुक्त वाहन के अतिरिक्त अलग-अलग जगहों से 3 दो पहिया वाहनों को चोरी कर उसका उपयोग शराब परिवहन में करना बताए जाने पर आरोपी के बताए अनुसार 3 वाहनों एवं 25 पौवा देशी मदिरा को जब्त किया। आरोपी को 29 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड प्राप्त कर जेल भेजा गया।

# मांगों को लेकर मंत्रालय घेराव के आयोजन में शामिल हुए जिले के शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी रायपुर में बुधवार को मंत्रालय घेराव का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में राजनांदगांव जिले से भी शिक्षक शामिल हुए।




दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण बंद करने, पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने, पुरानी पेंशन लाभ पूर्व सेवा गणना के साथ देने सहित अन्य मांग को लेकर नया रायपुर के तूता धरना स्थल से मंत्रालय घेराव का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में प्रांत संचालक मनीष मिश्रा, जाकेश साहू, शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक रमेश कुमार साहू, छन्नूलाल साहू, सुशील कुमार देवांगन, ओमप्रकाश साहू, जिला संयोजक छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, मिलन साहू प्रांतीय पदाधिकारी छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, सुशील शर्मा, नीलेश रामटेके, अमिताभ दुफारे जिला मीडिया प्रभारी, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, माधव साहू, रोशनलाल साहू ब्लॉक अध्यक्ष राजनांदगांव, हीरालाल मौर्य ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगढ़, कीरत गणवीर ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, भरत साहू, ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगांव, प्यारेलाललाल रावटे, पूरन कोठारी, खिलावन ठाकुर, सुग्रीव मंडावी, दिलीप सिन्हा, हरिचंद वर्मा, मधु निर्मलकर, ओगेश्वर प्रसाद साहू, भूपेश कुमार साहू, भूआर्य सर, तोरण निषाद, कृष्णराव डेकाटे, लेख दास साहू, हीरालाल सबर, अखिलेश सिन्हा, नागेश्वर साहू, सुशील देवांगन, योगेश्वर साहू, जितेंद्र हिरवानी, प्रवीण शर्मा, भोजराम साहू सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़े जिले के शिक्षकों ने तूता धरना स्थल रायपुर में शामिल होकर मंत्रालय घेराव को सफल बनाया।

# गंडई मार्ग पर लूटपाट, युवक व बाइक की चाबी छीनी

- दो आरोपियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई थाना क्षेत्र के ग्राम बिरखा के पास घटियारी मंदिर के समीप 28 मई की शाम एक लूटपाट की घटना सामने आई है। मगरकुंड निवासी दिलीप कुमार नागवंशी, जो पेशे से किसान है, के साथ तीन अज्ञात युवकों ने मोबाइल फोन और मोटर साइकिल की चाबी छीन ली। हालांकि गांव वालों की सूझबूझ और दिलीप की त्वरित कार्रवाई से दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिलीप कुमार नागवंशी अपने निजी काम से गंडई आए हुए थे और शाम करीब 4 बजे अपने भाई संदीप नागवंशी की फैशन प्रो मोटर साइकिल (क्रमांक सीजी-08-एडी-6282) से वापस मगरकुंड जा रहे थे। ग्राम बिरखा के आगे घटियारी मंदिर के पास फोन आने पर वे रूककर बात कर रहे थे। उसी दौरान पीछे से एक पल्सर मोटर साइकिल पर सवार जय विश्वकर्मा गंडई और उसके दो अन्य साथी, जिनमें से एक ने सफेद टी-शर्ट पहन रखी थी और हाथ में डंडा था, दिलीप के आगे आकर रूके, सफेद टी-शर्ट पहने युवक ने दिलीप से पेट्रोल के बारे में पूछा, जिस पर दिलीप ने मगरकुंड या बिरखा में पेट्रोल मिलने की जानकारी दी। इतने में उस युवक ने डंडा दिखाकर दिलीप को धमकाया। गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते उनकी जेब की तलाशी ली। उसने दिलीप के टी-शर्ट की ऊपरी जेब में रखा रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन जिसकी कीमत लगभग 8000 हजार रुपए था छीन लिया। वहीं जय विश्वकर्मा ने दिलीप की मोटर साइकिल की चाबी निकाल ली। जबकि तीसरा लड़का पल्सर मोटर साइकिल चालू करके तैयार खड़ा था। मोबाइल और मोटर साइकिल की चाबी लूटकर तीनों आरोपी पल्सर मोटर साइकिल से मगरकुंड की ओर फरार हो गए।

इसी दौरान गंडई की ओर से दिलीप के गांव के फगुवा कुंजाम अपने बच्चों के साथ मोटर साइकिल से आ रहे थे, जिन्हें दिलीप ने रोककर उनका मोबाइल मांगा और अपने गांव के कुशल पटेल को घटना की जानकारी दी। साथ ही तीनों लड़कों का हुलिया बताकर उन्हें रूकवाने का अनुरोध किया, तभी पीछे से चंदू धुर्वे भी अपनी मोटर साइकिल से आ पहुंचे। दिलीप तुरंत उनकी मोटर साइकिल पर बैठकर लुटेरों का पीछा करने लगे।

जैसे ही वे मगरकुंड गांव पहुंचे, गांव के सरपंच अशोक साहू, मुकेश रामटेके, शिवशंकर नागवंशी और अन्य ग्रामीणों ने जय विश्वकर्मा और सफेद टी-शर्ट वाले लड़के को मोटर साइकिल सहित पकड़ रखा था। सफेद टी-शर्ट पहने लड़के ने अपना नाम भारद्वाज बताया। तीसरा आरोपी हालांकि भागने में सफल रहा। दिलीप ने ग्रामीणों को पूरी घटना बताई। जिसके बाद सलाह-मशविरा कर ग्रामीणों की मदद से जय विश्वकर्मा और भारद्वाज को उनकी पल्सर मोटर साइकिल सहित गंडई थाना लाया गया।

दिलीप कुमार नागवंशी ने बताया कि जय विश्वकर्मा, भारद्वाज और एक अज्ञात साथी ने मिलकर उनका रेडमी मोबाइल फोन और मोटर साइकिल की चाबी लूट ली है। गंडई पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और फरार तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।



## पानी की समस्या से मिलेगी निजात: नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

# वार्ड 26 में प्रस्तावित ओवरहेड पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने वार्ड क्रमांक 26 में प्रस्तावित ओवरहेड पानी टंकी निर्माण हेतु विधिवत भूमि पूजन पार्षदगणों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

वही नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि 15वें वित्त योजनांतर्गत वार्ड क्रं. 26 में ओव्हर हेड पानी टंकी निर्माण किया जाना है जिसके लिए विधिवत भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराया गया। इस ओवरहेड पानी टंकी के निर्माण से क्षेत्रवासियों को स्वच्छ और नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। जिससे वर्षों पुरानी पानी की समस्या का समाधान होगा। पानी की समस्या को लेकर वार्ड वासियों द्वारा लगातार ध्यान आकृष्ट कराया गया था। जिसे ध्यान में रखते हुए पानी टंकी निर्माण हेतु राशि शासन से मांग की गई थी उन्होनें बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होनें बताया कि 49.94 लाख रू. की लागत से बनने वाले पानी टंकी का भूमिपूजन हो जाने से अब इस क्षेत्र में पानी की समस्या से निजात मिलेगा।

### पानी टंकी बनने से जल आपूर्ति व गुणवत्ता में सुधार लाएगी



नपाध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने बताया कि यह टंकी न केवल जल आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार लाएगी, बल्कि क्षेत्र में जल संरक्षण और वितरण व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाएगी। जल्द ही इस निर्माण कार्य को पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र सलूजा, मनहरण कौशिक, सभापति दुर्गेश अवस्थी, अजय ठाकुर, बिहारी राम धुर्वे, पार्षद सुनील साहू, आरती कौशिक, संजीव कुर्रे, हरीश साहू, अनिल साहू, केशरी चंद सोनी, कैलाश कौशिक, सोनू उपाध्याय, जितेन्द्र दोषी, सविता ठाकुर, रितु देसाई, राजू श्रीवास्तव, उपस्थित थे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 15 दिवसीय कृषि रथ रवाना

- क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को मिलेंगी उन्नत तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और कृषि को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से कबीरधाम जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू एवं कृषि सभापति रामकुमार भट्ट ने इस अभियान के तहत कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। यह अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक यानी कुल 15 दिनों तक जिले भर में संचालित किया जाएगा ।

इस दौरान कृषि एवं समवर्गीय विभाग के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्र, आईसीएआर और अन्य तकनीकी संस्थानों के वैज्ञानिकों की टीमें गांव-गांव पहुंचकर किसानों को खेती के उन्नत तरीकों वैज्ञानिक सलाह और शासन की योजनाओं की जानकारी देंगी। अभियान के दौरान खरीफ मौसम की प्रमुख फसलों से जुड़ी आधुनिक तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसलों के चयन और संतुलित खाद उपयोग, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी किसानों को दी जाएगी। इसके साथ ही किसानों से फीडबैक लेकर उनके नवाचारों को अनुसंधान की दिशा देने का कार्य भी किया जाएगा। जिले में तीन टीमों का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन 6 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित करेंगी।

इस प्रकार कुल 78 ग्राम पंचायतों में अभियान के अंतर्गत शासन की योजनाओं और तकनीकों की जानकारी सीधे किसानों तक पहुंचेगी। इन टीमों में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं आईसीएआर के वैज्ञानिक, एफपीओ-एफआईजी प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी, ड्रोन दीदी एवं लखपति दीदी शामिल किए गए हैं। अभियान में धान की सीधी बुवाई डीएसआर सोयाबीन की उन्नत खेती, प्राकृतिक खेती, ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन और आईसीटी टूल्स के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जाएगा। किसानों के साथ सीधे संवाद के दौरान वैज्ञानिक न केवल तकनीकी जानकारी देंगे, बल्कि उनकी समस्याओं को भी सुनेंगे और समाधान सुझाएंगे। वहीं, इस अभियान के सुचारू संचालन हेतु उप संचालक कृषि कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। शुभारंभ अवसर पर कृषि विभाग के उप संचालक अमीत कुमार मोहंती, पशु चिकित्सा सेवाओं के उप संचालक एसके मिश्रा, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख बीपी त्रिपाठी, डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा सुशील कुमार वर्मा सहित कृषि विभाग, फसल बीमा टीम एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कामठी स्कूल में समर कैंप आयोजित



**हरिभूमि कुण्डा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में शासन प्रशासन के निर्देशानुसार समर कैंप का आयोजन प्राचार्य आरएन राजपूत के मार्गदर्शन व शिक्षक-शिक्षिकाओं के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को अलग-अलग दिवस पर विद्यार्थियों में विभिन्न कला सीख रहे है, छात्र छात्राओं ने चित्र बनाना, अनुपयोगी सामाग्री से झूमर, फोटो फ्रेम, स्टेन फूल आदि बनाना सीखें साथ ही साथ स्थानीय व्यंजन के तहत बच्चों को भजिया बनाना सिखाएं। इस दौरान प्राचार्य आरएन राजपूत, व्याख्याता मनोज, आदित्य व तुलस चंद्राकर तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने वालों पर की गई कार्रवाई

- रणवीरपुर क्षेत्र में 20 चालान, दुकानों और सार्वजनिक स्थलों पर सख्ती से की गई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्रीमती अनुपमा तिवारी के सफल मार्गदर्शन एवं जिला नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ. रोशनी पटेल के नेतृत्व में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कोटपा-2003 नियमों के पालन के लिए विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम रणवीरपुर में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में संचालित पान दुकानों, किराना स्टोर्स एवं थोक विक्रेताओं की गहन जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर धारा 04 और 06 के तहत कुल 20 चालान काटे गए। साथ ही सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भी चालानी कार्यवाही की गई।

अभियान के दौरान दुकानदारों और आमजनों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कोटपा अधिनियम के नियमों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु समझाइश दी गई तथा नियमों से संबंधित लिखित पम्पलेट भी वितरित किए गए।

इस कार्रवाई में जितेन्द्र पाटीदार एवं औषधि निरीक्षक अरविंद डहरिया ने नेतृत्व करते हुए अभियान का संचालन किया। उनके साथ श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम भी उपस्थित रही, जिन्होंने क्षेत्र में अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया। इससे पूर्व 27 मई 2025 को कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में आगामी मई से अगस्त 2025 तक विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया। इसमें जिले की समस्त नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

साथ ही शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाएगी। इस बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि कोटपा अधिनियम के तहत समय-समय पर निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई लगातार की जाए ताकि जनस्वास्थ्य को खतरे में डालने वाली गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# स्वास्थ्य से जुड़ी जागरूकता से महिलाओं को मिला सशक्तिकरण

## सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मनाया गया माहवारी स्वच्छता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले में महिला स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस रूढ़ियों और भ्रांतियों को तोड़ते हुए, मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता की थीम पर आधारित था। इसका उद्देश्य मासिक धर्म जैसे सामान्य जैविक प्रक्रिया से जुड़ी सामाजिक चुप्पी, शर्म और गलतफहमियों को दूर कर किशोरियों और महिलाओं को सही जानकारी व स्वच्छ विकल्प उपलब्ध कराना था।



इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिनों की सक्रिय भागीदारी से रंगोली, चित्रकला, परिचर्चा, क्विज जैसे रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों के माध्यम से किशोरियों और महिलाओं को माहवारी स्वच्छता, पोषण, उचित देखभाल, स्वच्छ जीवनशैली और स्वस्थ आदतों के प्रति जागरूक किया गया।

स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किशोरियों के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किए गए, जिसमें उन्हें मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, सैनिटरी नैपकिन के उचित उपयोग, खान-पान की सावधानियों और सामाजिक रूढ़ियों से निपटने के तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन का वितरण भी किया गया ताकि किशोरियां सुरक्षित और सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन अपना सकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज ने इस अवसर पर कहा कि माहवारी एक स्वाभाविक और आवश्यक जैविक प्रक्रिया है, जो महिलाओं की प्रजनन क्षमता से जुड़ी होती है। किशोरियों में यह परिवर्तन यह दर्शाता है कि उनका शरीर सही ढंग से विकसित हो रहा है। इसलिए इससे जुड़ी शर्म या संकोच को दूर करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि मासिक धर्म से जुड़ी गलत धारणाओं को समाप्त कर खुले संवाद को बढ़ावा देना चाहिए ताकि कोई भी बालिका जानकारी और संसाधनों से वंचित न रहे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, डीपीएचएनओ सुश्री आराधना बंजारे, आरएमएनसीएच काउंसलर मंजुला सोनकर और सुनीता साहू की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में किशोरियों के लिए विशेष परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें उन्हें माहवारी प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर शिक्षित किया गया।

## कबीरधाम प्राइवेट स्कूल संघ ने घर-घर पहुंचकर किया प्रतिभाओ का सम्मान



**हरिभूमि कवर्धा।** कबीरधाम जिला प्राइवेट स्कूल संघ ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल के परिणाम और केंद्रीय शिक्षा बोर्ड के परिणाम में उत्कृष्ट अंक अर्जितकर जिले का नाम रौशन करने वाले और टॉप लिस्ट में नाम लाने वाले विद्यार्थियों का घर पहुंचकर सम्मान किया गया। उक्त आयोजन में जिले के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थिति हुए छत्तीसगढ़ बोर्ड में टॉप टेन विद्यार्थी जिनेन्द्र जायसवाल, प्रिंसी चंद्राकर, मौली चंद्राकर इसी प्रकार केंद्रीय बोर्ड के विद्यार्थी पीहू अग्रवाल, धनराज डहरिया, डिकेश चंद्रवंशी, दर्श सिंह पाहुजा और नीरव यादव को सम्मानित किया गया। प्रान्त उपाध्यक्ष पवन देवांगन ने बताया की कबीरधाम जिले के प्रत्येक प्राइवेट स्कूल शिक्षा के क्षेत्र उत्कृष्ट परिणाम देने में अग्रसर है, आज परिणाम चाहे वह छत्तीसगढ़ बोर्ड का हो या केंद्रीय बोर्ड का जिले में प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थी है। जिन्होंने टॉप-टेन में अपना नाम दाखिल कराए है, उन सभी के मेहनत और पालको के सहभागिता को संघ की और से धन्यवाद स्वरूप हम आज उनका सम्मान किए है घर पहुंचकर हमारा संघ उनको पालक सहित प्रमाण पत्र, मोमेंटो और बुके भेट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। जिलाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास ने कहा की जिले में संचालित प्रत्येक प्राइवेट स्कूल चाहे वह वृहद स्वरुप में हो या छोटा स्वरुप में हो एक आधुनिक और व्यवस्थित शिक्षा का प्रसार के उद्देश्य से संचालित हो रहा है। शासन सरकारी विद्यालय में परिणाम के लिए निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ करोड़ो रूपए विद्यालय की व्यवस्थाओ को देने में लगा है, जबकि इसके विपरीत प्राइवेट स्कूल को बढ़ावा देने के लिए किसी भी विकल्प को नहीं दे रहा जबकि प्राइवेट स्कूल शिक्षा में उत्कृष्ट परिणाम के साथ-साथ खेल में, विज्ञान ने, नवोदय चयन में, नीट में आई आई टी में, अनुसन्धान में विभिन्न क्षेत्रों में अपना वर्चस्व स्थापित लगातार करते आ रहा है। वर्तमान के परिणाम को देखा जाए तो नवोदय चयन में प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों की संख्या अधिक है और बोर्ड के परिणाम को देखे तो टॉप लिस्ट में प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों की संख्या दिखाई देता है। अनिल गुप्ता सदस्य छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल व संरक्षक सदस्य कबीरधाम प्राइवेट स्कूल संघ ने कहा की विद्यालय के नाम उनके प्रयासों से होता है आज हमारे शिक्षक के मार्गदर्शन है जो 100 प्रतिशत परिणाम स्कूलों ने अर्जित किया यह संघ का विचार है जो ऐसे आयोजनो के माध्यम से प्रतिभावो को प्रोत्साहित करते आ रहे है। जिला संयोजक छत्तीसगढ़ शिक्षा बोर्ड स्कूल संजय सिंह ने कहा की आज 90 प्रतिशत प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या सर्व अधिक संख्या में सैकड़ो की मात्रा में प्राइवेट स्कूलों की है यह समय-समय पर पालक शिक्षक मीटिंग और विद्यालय के अनुसासन का परिणाम है कबीरधाम जिले में संचालित प्राइवेट स्कूल राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहे और आने वाले समय के लिए नई कार्ययोजना तैयार कर हम भरस्क प्रयास करेंगे। वहीं केंद्रीय बोर्ड स्कूल के जिला संयोजक डॉ आदित्य चंद्रवंशी ने सभी प्राइवेट स्कूल के संचालको, विद्यार्थियों, पलकों और शिक्षकों को बधाई प्रेषित की।

## जिला व्हॉलीबॉल संघ एवं पुलिस विभाग ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# समर कैंप का आयोजन कर खिलाड़ियों को किया उत्साहवर्धन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला व्हॉलीबॉल संघ एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस लाइन कवर्धा के वॉलीबॉल मैदान में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 25 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 जून तक चलेगा। समर कैंप के तहत खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, तकनीकी प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के माध्यम से उनकी खेल क्षमताओं को निखारा जा रहा है। समर कैंप के दौरान आयोजित वॉलीबॉल मैच में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह आईपीएस विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने टीम ए और टीमबी के बीच खेले गए वॉलीबॉल मुकाबले का टॉस कराकर खेल का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। समर कैंप के अंतर्गत आयोजित वॉलीबॉल मैच में टीम ए और टीम बीके बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस रोमांचक मुकाबले में टीम ए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम बी को सीधे दो सेटों में 2-0 से पराजित किया। पहले सेट में टीम ए ने 28-26 से जीत दर्ज की जो दर्शाता है कि मुकाबला बेहद संघर्षपूर्ण था। दूसरे सेट में टीम ए ने 25-21 से जीत हासिल करते हुए मैच को अपने नाम किया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना, नई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना और एक अनुशासित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह आईपीएस ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना भी सिखाता है। ऐसे आयोजनों से युवाओं को खेल की ओर आकर्षित करने का अवसर मिलता है और उनमें आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए विजेता टीम को सम्मानित भी किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समर कैंप जैसे आयोजन युवाओं को नकारात्मक गतिविधियों से दूर रखने में सहायक होते हैं। खेल युवाओं को अनुशासित, स्वस्थ और लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाता है।

जिला बॉलीबाल संघ और पुलिस विभाग का यह प्रयास है कि अधिक से अधिक युवा खेलों से जुड़ें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। वॉलीबॉल जैसे टीम गेम्स से आपसी सहयोग, सामूहिक नेतृत्व और रणनीतिक सोच विकसित होती है, जो जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी होती है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को और अधिक व्यवस्थित एवं विस्तारित रूप में किया जाएगा ताकि जिले की प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। इस दौरान पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# प्रशासनिक कुशलता, सामाजिक सुधार एवं न्यायप्रियता की जननी अहिल्या बाई होलकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य पर छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार 21 से 31 मई के मध्य विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को नपं पिपरिया के डॉ भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन वार्ड क्रं.15 स्थित भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम नपं अध्यक्ष घुरूवा राम साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में संतोष पटेल, प्रकाश चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी उपस्थित थें। उक्त अवसर पर नपं अध्यक्ष श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि देवी अहिल्या बाई होलकर की विरासत, प्रशासनिक कुशलता और सामाजिक सुधारों के अलावा शस्त्र विद्या एवं राजनीतिक कार्य में पारंगत थी। उन्होने कहा कि देवी अहिल्या बाई होलकर न्यायप्रियता, धार्मिक सहिष्णुता, महिला सशक्तिकरण के संबंध में विशेष योगदान रही है। कार्यक्रम में प्रकाश चंद्रवंशी ने अहिल्याबाई होलकर के द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी दी गई। पार्षद श्रीमती संध्या देवी ने देवी अहिल्या बाई होलकर की जीवनी पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि-देवी अहिल्याबाई होलकर एक साधारण परिवार गड़रिया के घर में जन्मी थी, देवी अहिल्या बाल्यकाल से ही कुशाग्रबुद्धि एवं शिवभक्त थी उनके पिता गांव के मुखिया के रूप में पहचान थी। देवी अहिल्याबाई बचपन से होनहार एवं धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत थी। उनकी विवाह मल्हार राव होलकर के पुत्र खंड़े राव होलकर से हुई थी। खंड़े राव होलकर की असामायिक मृत्यु होने पर उनके ससुर मल्हार राव होलकर के कहने पर सती नहीं हुई और दोनों साथ मिलकर होलकर राज्य का संचालन किया गया। ससुर की मृत्यु उपरांत देवी अहिल्याबाई ने अपने सिंहासन पर शिवजी को विराजमान कर अपना साम्राज्य चला रही थी। श्री पटेल ने आगे कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर ने मुगल साम्राज्य के बादशाहों द्वारा भारत के जितने भी मंदिरों को विध्वंस किए गए थे, ऐसे मंदिरो क्रमशः बद्रीनाथ से लेकर रामेश्वरम, जगन्नाथ, द्वारिकाधीश, कांशी विश्वनाथ के अलावा अनेकानेक मंदिरों का पुर्ननिर्माण कराया गया साथ ही नदी तालाबों में घाट निर्माण, धर्मशाला तथा अन्न क्षेत्र भंड़ार खोला गया। भारत वर्ष में जहां भी हमारे देवालय स्थापित है, वहां देवी अहिल्याबाई होलकर के नाम की स्मृतियां हैं। देवी अहिल्याबाई होलकर भारत देश में अपनी कर्मानुसार एक कुशल प्रशासक के रूम में अविस्मरणियों की अमिट छाप छोड़ी है। जो इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में लिखा हुआ आज भी देखा जा सकता है। देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर नगर पंचायत पिपरिया द्वारा महिला सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया, जिसमें महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छ भारत अभियान में अपनी योगदान दे रहे महिलाओं, स्वच्छता दीदियों, महिला स्व-सहायता समूह के महिलाओं का सम्मान किया गया।

**सौगातः** उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र विकास की दिशा में अग्रसर

# विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में 16 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में चहुमुखी विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की दूरदर्शी सोच और जन-कल्याणकारी नीति के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक विकास की रफ्तार ने नया आयाम हासिल किया है। कवर्धा विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में 1 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न किया। यह कार्य क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सड़कों का निर्माण, नाली-निकासी व्यवस्था, सामुदायिक भवन व अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़े इन कार्यों से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशानुरूप स्थानीय जनप्रतिनिधि लगातार स्वीकृत कार्यों का भूमिपूजन कर रहे हैं। इससे न सिर्फ जनता को भरोसा मिल रहा है, बल्कि विकास कार्यों की पारदर्शिता व तत्परता भी सामने आ रही है। जनप्रतिनिधियों की सक्रियता यह दर्शाती है कि सरकार का फोकस सिर्फ घोषणाओं पर नहीं, बल्कि धरातल पर काम करने पर है। कवर्धा विधानसभा में हो रहे इन विकास कार्यों से यह स्पष्ट है कि क्षेत्र का भविष्य उज्जवल और सशक्त है।

गांव-गांव तक पहुंच रही योजनाओं और परियोजनाओं से जनजीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में कवर्धा अब विकास की मिशाल बनता जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू, श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू, श्रीमती सावित्री विजय पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गनपत बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, अशोक पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष हेमंत साहू, जनपद सदस्य श्रीमती मीनाक्षी ध्रुवे, श्रीमती मिथला मिथलेश बंजारे, रूपेश चंद्रवंशी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विभिन्न ग्रामों में पुलिया निर्माण, सीसी रोड, गौरवपथ का भूमिपूजन



कवर्धा विधानसभा अंतर्गत ग्राम बोल्दा में 19 लाख रूपए की लागत से पुलिया-निर्माण कार्य, ग्राम लखनपुर में 15 लाख रूपए की लागत से निर्माण कार्य, ग्राम खैरवार में 5 लाख 20 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य, ग्राम नेवारी में 41 लाख 65 हजार रूपए की लागत से गौरवपथ निर्माण कार्य, 20 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य, सारंगपुर में 41 लाख 65 हजार रूपए की लागत से गौरवपथ निर्माण, बांधाटोला में 5 लाख 20 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण रोड, जुनवानी में 1 लाख 63 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण, जैतपुरी में 9 लाख रूपए की लागत से नाली निर्माण, 02 लाख रूपए की लागत से प्राथमिक स्कूल रिपेयरिंग कार्य, 1 लाख 50 हजार रूपए की लागत से बोर खनन, नवघटा में 6 लाख 50 हजार रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, कुटकीपारा में 2 लाख 60 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण, 4 लाख रूपए की लागत से रंगमंच, 2 लाख 50 हजार रूपए की लागत से चौक सौन्दर्यीकरण और 2 लाख 50 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्यो का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया।

## क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य जन-आकांक्षाओं के अनुरूपः ईश्वरी साहू

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हैं और इससे नागरिकों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिस तरह से गांव-गांव तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है, वह वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि साय सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रह जाए। ग्राम स्तर पर अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए जो कार्य स्वीकृत हुए हैं, उनका भूमिपूजन कर अब उन्हें शीघ्रता से पूर्ण भी किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं सुलभ होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों की सहभागिता से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे। जन-सुनवाई और फीडबैक के माध्यम से जनता की बातों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में कबीरधाम जिला राज्य के सबसे अग्रणी जिलों में शामिल होगा।

# रबी फसल धान को समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए : दिनेश पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



इस आधुनिक युग में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा बड़ी संख्या में गर्मी धान फसल का उत्पादन बढ़ते नजर आ रहे हैं, वहीं दिनों-दिन ग्रामीण किसानों में गर्मी धान फसल के प्रति रुझान बढ़ती जा रही है साथ ही साथ ग्रामीण किसानों द्वारा अच्छी-खासी गर्मी धान फसल का उत्पादन भी किया जा रहा है। लेकिन आज किसानों को उनकी फसल की समर्थन मूल्य नहीं मिलने के कारण ग्रामीण किसान अपनी मेहनत की उपज औने-पौने दाम में बेचने को मजबूर है। जिस पर ग्रामीण दिनेश पाण्डेय ने बताया कि शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा गर्मी धान फसल को भी समर्थन मूल्य में खरीदी करने की अपील की गई। ताकि ग्रामीण किसानों की मेहनत उनकी फसल की उचित दाम मिल सकें। उन्होने बताया कि अगर ग्रामीण किसान अपना धान फसल को मंडी केन्द्र लेकर जाता है तो धान परिवहन में हजारों रूपए की लागत राशि लगता है साथ ही साथ धान फसल की सही दाम नहीं मिलने के कारण किसान अपनी धान फसल को क्षेत्र के कोचियों के पास बेचने मजबूर है।

## ग्रापं रूसे व कारीमाटी में किया गया बोर खनन



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत रूसे एवं कारीमाटी में जनपद सदस्य श्रीमती उर्वशी माखन चंद्रवंशी द्वारा क्षेत्र में पेयजल की समस्याओं को देखते हुए क्षेत्र 15वें वित्त मद के माध्यम से विकास कार्य व जनहित कार्य के तहत ग्राम पंचायत रूसे में मां महामाया मंदिर परिषर में बोर खनन किया गया। वहीं ग्राम कारीमाटी में गंगाराम घर के पास बोर खनन किया गया। वहीं क्षेत्र में बोर खनन होने पर निवासरत ग्रामवासियों में भारी खुशी का माहौल बना हुआ है। वहीं बोर खनन होने से ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या से राहत व तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगी। जिस पर रहवासियों ने जनपद सदस्य श्रीमती उर्वशी माखन चंद्रवंशी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### सीनियर सिटीजन समिति की पेंशनर प्रकोष्ठ का गठन

**हरिभूमि कवर्धा।** सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा विगत 15 वर्षो से जिले में अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रही है। वर्तमान समय में समिति गिव सदस्यों की संख्या 200 के लगभग है, जिसमें 90 प्रतिशत सदस्य शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति है। समिति के ध्यान में यह बात आई है कि जिले के बहुत से सेवा निवृत्ति व्यक्तियों के पेंशन प्रकरण बनाने में अत्यधिक विलंब होता है, इसके लिए सेवानिवृत व्यक्ति को कार्यालय के काफी चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए समिति ने पूरे कवर्धा जिले में अपनी सेवा देने के लिए एक पेंशनर प्रकोष्ठ का गठन किया है। जिसमें जिला संयोजक इंजीनियर एसएस जैन, रवि शंकर गुप्ता, प्रकाश कुमार गुप्ता, तरुण शेखर अवस्थी, रोशन लाल पाटिल, श्याम सुंदर मिश्रा, जगदीश प्रसाद जायसवाल, कन्हैया लाल चौधरी, नरेंद्र कुमार शर्मा, मुरली सिंह ठाकुर व जीवधर प्रसाद भारतीय है। समस्त पेंशनर एवं वे शासकीय अधिकारी-कर्मचारी जो पूर्व सेवानिवृत हो चुके हैं, जिनके पेंशन प्रकरण आदि बनाने में किसी भी प्रकार का विलंब हो रहा है, सेवा निवृत्ति के पश्चात जिन शिक्षकों ने सत्र समाप्ति तक शिक्षण कार्य किया है एवं उन्हें उनका मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। वे शासकीय कर्मचारी जो आने वाले तीन माह में सेवानिवृत होने वाले हैं सभी संपर्क करें उनके प्रकरण आदि बनाने में समिति द्वारा उचित कदम उठाकर निराकरण कराया जाएगा।

## निधन

### शिवप्रसाद चंद्रवंशी

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा निवासी



शिवप्रसाद चंद्रवंशी आयु 85 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। स्व. शिवप्रसाद चंद्रवंशी का अंतिम संस्कार ग्राम कंझेटा स्थित मुक्तिधाम में किया गया, इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण गणमान्य नागरिकों ने स्व. श्री चंद्रवंशी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. शिवप्रसाद चंद्रवंशी सुशील व होली के पिता थें, उनके निधन से चंद्रवंशी परिवार में भारी शोक व्याप्त है।

# मोहगांव उपकेन्द्र में नए 3.15 एमव्हीए का पॉवर ट्रांसफार्मर को किया गया ऊर्जीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के ग्राम मोहगांव में विद्यमान 33.11 केव्ही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस अवसर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट एवं अधीक्षण अभियंता कवर्धा वत्त रंजीत घोष ने इस कार्य को सफलतापूर्वक किए जाने पर कार्यपालन अभियंता परियोजना केएल उइके, कार्यपालन अभियंता एसटीएस एमके आर्या, सहायक अभियंता मनीष साहू, रविन्द्र सिंह, उत्तर कुमार धृतलहरे और उनकी टीम की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत विद्यमान उप केन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। विद्युत विकास के इस कार्य से मोहगांव उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता 05 एमव्हीए से बढ़कर 8.15 एव्हीए हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से मोहगांव उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।




# भदराली में तेज रफ्तार मोटर सायकिल चलाने के विवाद ने ली युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवा गोडान

पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम भदराली में एक मामूली विवाद ने जानलेवा रूप ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार 28 मई की रात करीब 8 बजे तेज मोटर सायकल चलाने को लेकर हुए विवाद में कुछ युवकों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें गंभीर रूप से घायल हुए युवक वीरेंद्र यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में शोक व तनाव का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत लोरमी रोड पर स्थित कापादह से 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम भदराली निवासी डुलरवा उर्फ वीरेंद्र यादव आयु 18 वर्ष, चिंताराम यादव एवं लक्ष्मीनारायण यादव के ऊपर मुकेश यादव एवं अशोक यादव पुत्र बाबूलाल और फलित यादव पुत्र अनुज यादव ने मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायलों को तत्काल पंडरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां घायल वीरेंद्र यादव की नाजुक हालत को देखते हुए उसे बिलासपुर स्थित सिम्स मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।



वहीं वीरेंद्र यादव का इलाज के दौरान 29 मई की सुबह 9.30 बजे मौत हो गई। घटना के संबंध में दीपक यादव द्वारा थाना पंडरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शुरूआती तौर पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 102/25 के तहत रात 11 बजे धारा 296, 115 (2), 351 (3) एवं 3/5 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की थी। दूसरे दिन सुबह वीरेंद्र की मृत्यु के पश्चात पोस्टमार्टम के बाद धारा 103 बीएनएस प्रकरण में जोड़ा गया है। वहीं घटना स्थल ग्राम भदराली, गौरकापा स्थित प्रसिद्ध शनि मंदिर से सटा हुआ है, जहां शनिदेव जयंती के अवसर पर इस समय 7 दिवसीय मेला आयोजित की जा रही है। मेले के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे थे। इसी भीड़भाड़ के बीच तेज रफ्तार मोटर सायकल चलाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पुलिस मामले की हर पहलू से गंभीरता से जांच कर रही है और जल्दी ही दोषियों की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है। घटना के बाद भदराली गांव में अब शांति बनी हुई है, लेकिन ग्रामीणों में आक्रोश और दुख का माहौल व्याप्त है। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है।

पंडरिया थाना परिसर में भी अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं पुलिस ने बड़ी संख्या में गांव के लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है, जिनमें कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। मंदिर परिसर और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपियों की तलाश जारी है, जो फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। मृतक वीरेंद्र यादव का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पूछताछ की जा रही है

दो पक्षो के बीच विवाद में एक व्यक्ति की मौत हुई है, पंडरिया थाना में रिपोर्ट के आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है, पूछताछ की जा रही है।

**भूपत सिंह धनेश्री, एसडीओपी पंडरिया**

# भारत माता चौक में एक दिवसीय जिला स्तरीय इवेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सुशासन तिहार के उपलक्ष्य में भारत माता चौक में जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय इवेंट का आयोजन किया गया। इवेंट में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की लोक-हितकारी योजनाओं की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाना और छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को साझा करना था। कार्यक्रम रोचकता, उत्साह, उल्लास एवं खुशी के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का वातावरण छत्तीसगढ़ी संस्कृति की खुशबू से सराबोर था। विभिन्न रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। जिसमें लोकगीत, नृत्य और संगीत के माध्यम से कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, रामलला दर्शन योजना और महतारी वंदन योजना सहित अनेक योजनाओं के लाभार्थियों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। किसी ने अपने सपनों का घर मिलने की खुशी जाहिर की तो किसी ने अपने बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए मिली सहायता का जिक्र किया। सभी ने एक स्वर में शासन-प्रशासन को आभार व्यक्त किया और कहा कि सुशासन तिहार जैसी पहल से आम नागरिकों को अपनी बात कहने और शासन की योजनाओं की जानकारी पाने का अवसर मिलता है। वहीं आरजे अनिमेष ने अपनी रोचक शैली से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने छत्तीसगढ़ी संस्कृति, कवर्धा जिले की विशेषताएं और सुशासन तिहार से जुड़े सवालों के माध्यम से श्रोताओं की जानकारी बढ़ाई। सवाल-जवाब के इस क्रम में लोगों ने उत्साह से भाग लिया और छत्तीसगढ़ की कलाए संस्कृति और परंपराओं पर आधारित जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगरवासियों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। भारत माता चौक पर लोगों की उत्साही भीड़ ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

## सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध कवर्धा पुलिस का विशेष अभियान, बैठक आयोजित कर समझाईस दी गई



**हरिभूमि कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधिक गतिविधियों में लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल एवं एसडीओपी लोहारा प्रतीक चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना लोहारा पुलिस द्वारा ग्राम भिभौरी सहित आसपास के ग्रामों में देह व्यापार और अवैध शराब बिक्री जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। जिसमे ग्रामीणों की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर गत दिनों मंगलवार को ग्राम भिभौरी में एक जन-चेतना बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें ग्रामवासियों ने ग्राम में सक्रिय असामाजिक गतिविधियों के प्रति चिंता व्यक्त की। बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि इस दिशा में शीघ्र ठोस कार्यवाही की जाएगी। मामले में अग्रिम और ठोस कार्यवाही करते हुए बुधवार को थाना प्रभारी लोहारा निरीक्षक लालमन साव एवं थाना की टीम तथा डीआरजी टीम द्वारा ग्राम भिभौरी, लाखाटोला, बिडोरा एवं सिंघनगढ़ में सघन कॉम्बिंग पेट्रोलिंग एवं रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही की शुरुआत ग्राम भिभौरी के उन चिन्हित इलाकों से हुई जहां पूर्व में देह व्यापार एवं अवैध शराब बिक्री की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। पुलिस टीम ने ग्रामीण वर्दी में गुप्त निगरानी करते हुए संबंधित मकानों व स्थानों पर दबिश दी तथा मौके पर मौजूद व्यक्तियों की पहचान एवं गतिविधियों की गहन जांच की। जहां ग्राम लाखाटोला, बिडोरा व सिंघनगढ़ में भी समान रूप से विशेष गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्यवाही के दौरान संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी उपस्थिति की वैधता जांची गई तथा कुछ मामलों में सख्त चेतावनी भी दी गई। जिस पर लोहारा पुलिस द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में यदि ग्राम में पुनः देह व्यापार या अवैध शराब बिक्री जैसी सामाजिक बुराइयों की शिकायत प्राप्त होती है और उसमें किसी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**गुड़ फैक्ट्री से निकलने वाली गंदगी को खुले में छोड़ा, उठने लगी बदबू**

# गुड़ फैक्ट्री संचालक ठेकेदार की लापरवाही, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया क्षेत्र में सैकड़ों निजी गुड़ फैक्ट्री संचालित कर जिम्मेदार ठेकेदार भारी मोटी रकम की कमाई की गई। लेकिन गुड़ फैक्ट्री संचालक ठेकेदार की भारी लापरवाही व अनदेखी का खामियाजा क्षेत्र के रहवासी व ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार निजी गुड़ फैक्ट्री से निकलने वाली गंदगी को खुले गड्ढे में छोड़ दिए गए है। जिससे गंदगी से उठने वाली दुर्गंधव बदबू से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि निजी गुड़ फैक्ट्री जिम्मेदार ठेकेदार निजी गुड़ फैक्ट्री से निकाले वाली गंदगी को खुले गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। वहीं गंदगी से उठने वाली सड़ने की दुर्गंध से रहवासी तथा आवागमन करने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत साबित हो रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा गंदगी की उचित निपटारे की अपील की गई। जिससे गंदगी से उठने वाली बदबू से निजात मिल सके।

### अप्रिय घटना को दे रहा न्योता

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार निजी गुड़ फैक्ट्री संचालकों की इस घोर लापरवाही से पशु-पक्षी व वन्य जीव-जंतुओं के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। निजी गुड़ फैक्ट्री ठेकेदार द्वारा दो महीने काम-काज के बाद गुड़ फैक्ट्री को सुरक्षित बंद कर दिया जाता है, लेकिन गुड़ फैक्ट्री संचालक ठेकेदार फैक्ट्री से निकलने वाली गंदगी को असुरक्षित खुले में छोड़ दिया गया है जो कि अप्रिय घटना को निमंत्रण दे रहा है।